हरिभूमि

# संस्कारधानी भूमि

रायपुर, रविवार 22 जून 2025




## सामूहिक योगासन में जुटे सैकड़ों लोग, योग से स्वस्थ रहने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शहर के दिग्विजय स्टेडियम में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा स्कूली विद्यार्थी, प्रशासनिक अधिकारी, महिला समूह की महिलाएं, मितानिन बहनें और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी ने सामूहिक योगासन करते योग से निरोग रहने का संदेश दिया।

जिला प्रशासन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगासन के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह 6.30 बजे योग करने सैकड़ों की संख्या में लोग दिग्विजय स्टेडियम पहुंचे, जहां योग शिक्षकों द्वारा योग के कई आसन कराए गए। आयोजन में दुर्ग



विधायक गजेंद्र यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। वहीं इस अवसर पर पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, महापौर मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि शामिल हुए।



### जीवन में योग को अपनाना जरूरी

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में योग को अपनाना चाहिए। योग से व्यक्ति स्वस्थ रहता है और मन को शांति भी मिलती है। वहीं कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने बताया कि इस जिला स्तरीय आयोजन में सभी ने सामूहिक योग किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की जो अपील योग करने को लेकर है, इसे हम सबको अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

### योग कर दिया संदेश

योग दिवस के इस आयोजन में भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, पूर्व विधायक रामजी भारती और प्रशासनिक अधिकारियों में आईजी अभिषेक शांडिल्य, एसपी मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह, एसडीएम खेमलाल वर्मा, एएसपी राहुल देव शर्मा सहित विभिन्न अधिकारियों ने सामूहिक योग में शामिल होकर योगासन किया।

### स्वस्थ तन से ही स्वस्थ मन की प्राप्ति

योग दिवस के आयोजन को लेकर विधायक गजेंद्र यादव ने बताया कि आज से लगभग 10 वर्ष पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर विश्व के 177 देशों ने इस योग दिवस को स्वीकारा। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए 21 जून साल का सबसे बड़ा दिन होने की वजह से हमारी उम्र योग से लंबी हो, इसलिए इस दिन को चुना गया। उन्होंने कहा कि तन स्वस्थ रहेगा तो मन स्वस्थ रहेगा, इसके लिए हम सभी को प्रतिदिन योग करना चाहिए।

### योग करने ली शपथ

एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के थीम पर आधारित इस योग दिवस के अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा योग शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस दौरान सभी ने बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग करने की शपथ ली। वहीं इस अवसर पर पर्यावरण जागरूकता का संदेश देते एक पेड़ मां के नाम का आयोजन भी किया गया। जिसमें उपस्थित अतिथियों ने स्टेडियम परिसर में वृक्षारोपण करते पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।






0 राजनांदगांव। माह के मध्यान्ह में मौसम में उतार चढ़ाव का दौर बना हुआ है। जिससे उमस भरी गर्मी का वातावरण निर्मित है। इधर दूसरी ओर क्षेत्र के किसानों को झमाझम बारिश का इंतजार बना हुआ है। बताया गया कि पर्याप्त बारिश न होने की स्थिति में किसानी कार्य पिछड़ गया है।

## बैठक में दो पूर्व विधायकों ने लगाया उपेक्षा का आरोप, महिला विधायक के साथ तकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हाल ही में संपन्न हुए कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक में एक बार फिर शीर्ष नेताओं के बीच जमकर विवाद देखने को मिला। कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में शामिल पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल और मौजूदा विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के बीच जमकर जुबानी जंग देखने को मिली।



मामला इतना गर्मा हो गया था कि आला नेताओं को मामला शांत कराने के लिए हस्तक्षेप करना पड़ा। इस पूरे मामले की जानकारी प्रदेश संगठन को भी दे दी गई है। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस कमेटी की जिला स्तरीय बैठक शुक्रवार को राजनांदगांव के सतनामी समाज के भवन में आयोजित की गई थी। इस बैठक में जिले के सभी आठ ब्लॉक से नेता पहुंचे थे। बैठक के दौरान ही पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने डोंगरगढ़ ब्लॉक कांग्रेस पर कार्यक्रम में नहीं बुलाए जाने, जानकारी नहीं देने के साथ ही उपेक्षा के आरोप लगाए। यह सवाल सुनते ही डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने उठकर जवाब देना शुरू कर दिया।


⏩ शेष पेज 16 पर


### सवालों में ब्लॉक कांग्रेस

पूर्व मंत्री धनेश पाटिला एवं पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने डोंगरगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह चौहान पर आरोप लगाए कि पिछले कुछ महीनों में आयोजित किसी भी कार्यक्रम एवं आयोजन की जानकारी उन्हें नहीं दी जा रही है। दोनों ही नेताओं ने ब्लॉक कांग्रेस पर उपेक्षा करने की बात कही। जवाब ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को देना था, लेकिन बीच में ही खड़े होकर विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि आपका कार्यकाल भी हमने देखा है। आपके समय में भी हमें कोई महत्व नहीं दिया जाता था, अपनी मनमानी की जाती थी।

### वरिष्ठ नेताओं ने शांत कराया मामला

वरिष्ठ नेताओं से विधायक हर्षिता स्वामी बघेल का विवाद बढ़ता देख मौके पर उपस्थित पहले जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने मामले को शांत कराने की कोशिश की। मामला शांत ना होता देख फिर वरिष्ठ नेता श्रीकिशन खंडेलवाल ने खड़े होकर कहा कि कांग्रेस के इतिहास में जिला स्तरीय बैठक में ऐसी बदतमीजी उन्होंने नहीं देखी। उन्होंने सभी को शांत कराकर मामले को खत्म किया।






## खड़ी ट्रक में टकराया बाइक सवार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

फैक्ट्री से काम कर बाइक में सवार होकर घर लौट रहा व्यक्ति सड़क किनारे खड़ी ट्रक से जा टकराया। जिससे उसे गंभीर चोंटे आई है। घायल को उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती किया गया है।

ग्राम पंचायत ऊपरवाह के करेलापारा में शुक्रवार रात्रि लगभग 8 बजे आइल निर्माण करने वाली कच्चा माल कार्बन से लदी ट्रक सड़क किनारे खड़ी थी, तभी पीछे से आ रहा इरईकला निवासी 50 वर्षीय तोपसिंह साहू पिता दशरथ साहू अपनी बाइक प्लेटिना सहित जा टकराया। खड़ी ट्रक में भीड़ जाने से बाइक सवार तोपसिंह का सिर के सामने हिस्सा में गंभीर चोंट लगा है। ग्रामीणों ने घुमका पुलिस को काल किया, तत्काल पुलिस वाहन 112 घटनास्थल पहुंचकर घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक चिकित्सा उपरांत उसे जिला चिकित्सालय रिफर कर दी गई। यहां से डीके हॉस्पिटल रायपुर रिफर कर दिया गया है, जहां इलाज जारी है। परिजनों ने बताया कि तोपसिंह रसमड़ा के किसी फैक्ट्री में काम के बाद घर के लिए लौट रहा था। इधर विवेचना अधिकारी एएसआई केआर उइके ने कहा कि ट्रक को जब्त कर ली गई है। शनिवार को परिजनों ने पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराई है, कार्रवाई की जा रही है।

भालूकोन्हा स्कूल का मामला

## शराब पीकर स्कूल आने वाला सहायक शिक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



राजनांदगांव विकासखंड के भालूकोन्हा प्राथमिक शाला में पदस्थ एक शिक्षक को शराब पीकर स्कूल आने के चलते निलंबित कर दिया गया है। शिक्षक की शिकायत ग्रामीणों ने सुशासन तिहार के दौरान की थी, जिस पर ही कार्रवाई करते अब जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबन का आदेश जारी किया है। ज्ञात हो कि इसी स्कूल के दो अन्य शिक्षकों को भी एक महीने पहले निलंबित किया गया था।

मिली जानकारी के अनुसार भालूकोन्हा प्राथमिक शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक उमेश कुमार टंडन के खिलाफ सुशासन तिहार के दौरान ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराई थी। ग्रामीणों का आरोप था कि उक्त शिक्षक स्कूल के दौरान शराब पीकर आता है। ग्रामवासियों के साथ बुरा व्यवहार करता है। इसके साथ ही शिकायत करने पर शिकायतकर्ता के साथ गाली-गलौज करता है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद ही जिला शिक्षा अधिकारी पीएस बघेल ने 19 जून को निलंबन का आदेश जारी किया है। इससे पहले स्कूल में पदस्थ अन्य शिक्षक प्रधानपाठक तोरण प्रसाद जांगड़े एवं शशिकांत पंचभावे को भी निलंबित किया गया था।

## चाकू लेकर डराने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चाकू लहराकर आम लोगों को डराने-धमकाने के मामले की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी से चाकू बरामद की गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत असामजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत 19 जून की रात्रि में पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि छत्तीसगढ़



होटल के पास सार्वजनिक स्थान में धारदार चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे हैं। पुलिस के अनुसार क्षेत्र में शांति कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु गुंडा, बदमाश, असामाजिक तत्वों के विरूद्ध अभियान कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### आरोपी से चाकू बरामद

सूचना पर तत्काल दबिश देकर मौके पर आरोपी धनेश्वर यादव 25 साल साकिन शीतला मंदिर रोड वार्ड नं. 5 चिखली को पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।















## अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर स्कूलों सहित सार्वजनिक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित

# निरोग रहने की चाह में सबने मिलकर किया योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर पंचायत लाल बहादुर नगर प्रागंण में योग दिवस के मौके पर एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग के थीम पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में अध्यक्ष देवेन्द्र साहू, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे, नपं उपाध्यक्ष छबिधर साहू, रमेश यादव, राजेश देवांगन, मोरध्वज साहू, भूपेंद्र खोबरागड़े, रामजी साहू, मृगलाल साहू, निकिता ताम्रकार, उषा यदु, प्रीति ताम्रकार, सरस्वती ढीमर, रानू साहू, योगेश साहू, टिकेश्वर साहू, रूपचंद रजक, प्राचार्य काशीराम चंद्रवंशी, प्रधानपाठक श्री सिद्धिकी, वेदराम ताम्रकार, नोबल साहू शामिल हुए।

### सरस्वती शिशु मंदिर

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय डोंगरगढ़ में योग दिवस मनाया गया।प्राचार्य प्रकाश यादव और प्रधानाचार्य जागेश्वरलाल निषाद के पूजा अर्चना कर कार्यक्रम आरंभ किया। आचार्य सौरभ फुले और डीगेश साहू के मार्गदर्शन में वृक्षासन, वज्रासन, ताड़ासन, हलासन, धनुरासन, पदहस्त आसान, भ्रामरी, भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम आदि का अभ्यास कराया गया। प्रधानाचार्य श्री निषाद ने योग को लाभदायक बताया। इस दौरान सुरेश वैष्णव, थैलेश साहू, वीरसिंह यादव, धर्मेंद्र गोमस्ता, विनोद ताम्रकार, बोधन भारद्वाज, सुशील यादव, ज्योतिष यादव, देवीसिंह ठाकुर, उत्तम नागमोते, ओमप्रकाश महोबिया, नरेश सिन्हा, अमित शुक्ला, विशेष साहू, प्रदीप सिन्हा, सौरभ फूले, डीगेश साहू, सुषमा शांडिलकर, कीर्ति दफेदार, एस राव, स्मृति पांडे, रेवती वर्मा, झुंपा मंडल, त्रिवेणी मंडल



,पल्लवी भिवगढ़े, कौशल्या वर्मा, प्रीतिवाला वैष्णव, अमिता जैन, चंद्रिका यादव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, प्रिया भारती, लता सोनकर, योगिता नागमोते, निशा नागमोते, ममता सोनवानी हिमांशु इंदुलकर, मोनिका वाकले मौजूद थे। डॉ. आम्बेडकर विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य सूर्यवंता तुर्रे के निर्देशन में शिक्षकों, कर्मचारियों एवं छात्र- छात्राओं ने शाला प्रागंण में योगा किया। प्रभारी प्राचार्य योग के महत्व पर प्रकाश डाला। शिक्षक राजेश मोहने ने योगाभ्यास कराया। इस दौरान ए ब्राम्हणकर, आर मोहने, ए गजभिये, बी पोद्दार एस पटेल, टी भावे, डी दुतारा, एच यादव, आर सक्सेना, पी बोम्बर्डे, जे बनाफर, बीना इंदुरकर आदि उपस्थित थे।

### जवानों ने किया योगाभ्यास

आईटीबीपी के प्रांगण में कमांडेंट तेजभान सिंह कमांडेंट के मार्गदर्शन तथा द्वितीय कमान अधिकारी विनोद कुमार के नेतृत्व तथा सहायक सेनानी अजय सिंह, सहायक सेनानी की उपस्थिति में योग दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गायत्री मंत्र व ओम के उद्घोष से हुई। तत्पश्चात अधिकारियों तथा जवानों ने सूक्ष्म व्यायाम, प्राणायाम व योगासन का अभ्यास किया। इस अवसर पर विनोद कुमार ने संबोधित करते हुए योग का अर्थ और महत्व बताते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं है बल्कि यह जीवन जीने की कला है।

### घोड़ों पर सवार होकर किया योग




**अंजोरा।** सीजी रिमाउंट और वेटरनरी रेजिमेंट एनसीसीए दुर्ग के कैडेटों ने योग दिवस के मौके पर अनोखा प्रदर्शन किया। रेजिमेंट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में 114 कैडेटों ने पारंपरिक योग आसनों को घुड़सवारी कौशल के साथ प्रस्तुत किया। कैडेटों ने वज्रासन, ताड़ासन, अर्धचंद्रासन आदि को घोड़ों की पीठ पर संतुलित मुद्रा में किया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना मुद्रा से हुई। इस मौके पर रेजिमेंट के कमान अधिकारी ले कर्नल राहुल दुबे ने कहा कि योग और घुड़सवारी दोनों ही अनुशासन व धैर्य की मांग करते हैं। जब कैडेट घोड़े की पीठ पर योगासन करते हैं तो वह न केवल अपनी फिटनेस को नई ऊँचाइयों पर ले जाते हैं बल्कि सेना के मूल्यों को भी आत्मसात करते हैं।

**रामाटोला।** स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर में योग दिवस मनाया गया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने योग, आसन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। इस मौके पर योग के लाभ के बारे में बताते हुए रोज योग करने प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य देवेंद्रकुमार नंदेश्वर, गायत्री वर्मा, हेमा वर्मा, संजना साहू उपस्थित थे।

**छुईखदान।** जो व्यक्ति योग करेगा वह निरोग रहेगा। कहने का मतलब यह है कि योग करने वाला कभी बीमार नहीं पड़ेगा। यह बातें योग दिवस के अवसर पर गिरिराज किशोर दास ने कहा। योग दिवस के अवसर नगर पंचायत छुईखदान ने मंगल भवन टिकरी पारा में योग शिविर का आयोजन किया। शिविर में सभी विभाग प्रमुख, जनप्रतिनिधियों ने योगा किया ।और स्वास्थ्य छुईखदान के नारे लगाए। योग शिक्षक मोहन जांघेल ने आसन का प्रदर्शन करने के साथ अभ्यास कराया। एसडीएम अविनाश ठाकुर ने स्वस्थ्य रहने के लिए सभी उपस्थित जनों को शपथ दिलाया। इस दौरान सीएमओ कमल नारायण जंघेल, बीएमओ डॉ मनीष बघेल, रेंजर अशोक वैष्णव, गिरिराज किशोर दास, संजय महोबिया, सज्जाक खान, अशोक चंद्राकर, यशवंत जंघेल, शरद श्रीवास्तव, डॉ विनय रामटेके, संतोष कामड़े, प्रेम श्रीवास, मनीष कोचर, घना देवांगन, बंटी भालेकर, देव वैष्णव, पंकज ददरिया, शिवानी मिश्रा, रंजीता वैष्णव, प्रिया पाल, हेमिन, सियाराम यादव, श्री देवांगन, श्री वर्मा, मानिक श्रीवास, भावेश कोचर, ज्ञान यादव, सूरज यादव, अमृतलाल जैन, डॉ विनय गिरपुंजे सहित अन्य बड़ी संख्या में मौजूद थे। अंत में अंकुरित चना और मूंग का स्वल्पाहार वितरित किया गया।

**गंडई पंडरिया।** योग दिवस के अवसर पर प्रत्येक शासकीय संस्थानों में सुबह 6 से 8 बजे तक योगाभ्यास किया गया। नगर पंचायत गंडई एवं पतंजलि योग समिति ने शिविर का आयोजन कर नगर के नागरिक, जनप्रतिनिधि एवं स्कूली बच्चों को योग का महत्व बताते हुए योगाभ्यास कराया। आयोजन को लेकर नगर पंचायत गंडई ने नागरिकों, जनप्रतिनिधि, व्यापारी आदि को आमंत्रण भेज कर शिविर में शामिल होने का आव्हान किया था। सुबह 6 बजे बड़ी संख्या में लोग इंडोर स्टेडियम पहुँचे। यहां योग प्रशिक्षक मोहित वर्मा ने योग कराया और उसके फायदे बताया। इस दौरान सीएमओ अविनाश देवांगन, वकील सतीश सिंघानिया, नगर पंचायत अध्यक्ष ने अपने विचार रखे। नगर अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो ने कहा कि स्वथ्य शरीर में स्वथ्य मन का वास होता है। मन स्वथ्य होगा तभी आप रचनात्मक,कलात्मक और अच्छे काम कर पाएंगे।

### कन्या स्कूल में लगा शिविर

पतंजलि योग समिति के संदीप आर्य एवं उनकी टीम ने कन्या स्कूल में शिविर का आयोजन किया। यहां आम जनता सहित छात्राओ ने योग का अभ्यास किया। श्री आर्य ने विभिन्न के योगासन कराया और उससे शरीर पर पड़ने वाले प्रभाव के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि योग मौत को भी मात देने की क्षमता रखता है जिसका मौजूदा उदाहरण वह खुद है। उन्होंने कहा कि अगर रोग आने से पहले योग किया जाता है तो कभी रोग नहीं जकड़ सकता। उन्होंने सभी को नियमित योग करने प्रेरित किया।

**डोंगरगांव।** रोग मुक्त जीवन की चाह के साथ जन प्रतिनिधियों, अफसरों और जन सामान्य ने विश्व योग दिवस



के मौके योग और आसनो का अभ्यास किया। योग शिक्षक पंचूराम साहू ने अपनी टीम में शामिल गिरीश सोनी, डॉ अतुल गुप्ता के साथ निर्धारित प्रोटोकाल के मुताबिक योग से होने वाले लाभ की जानकारी देते हुए अभ्यास कराया। मंडी परिसर में आयोजित कार्यक्रम में एसडीएम श्रीकांत कोराम, तहसीलदार पीएल नाग, नायब तहसीलदार झरना राजपूत, वशिम सिद्धिक, सीएमओ विनम्र जेमा, बीईओ आरएल पात्रे, एबीईओ रश्मि ठाकर, जयंत साहू, बीएमओ डॉ रागनी चंद्रे, जनपद सीईओ रौशनी भगत, ओमप्रकाश जैन, जिला इंका के सचिव गोपाल टावरी, हीरालाल शेंडे, डां. वर्षा ठाकुर, कालेज के प्रभारी प्राचार्य एके धमगाए, रामकुमार गुप्ता, दीना पटेल, महेश्वर साहू, अरूण जैन अंजू त्रिपाठी, राजा जैन, भोज साहू, हीरालाल शेंडे सहित बड़ी संख्या में आत्मानंद स्कूल, सीबीएसई अंग्रेजी माध्यम स्कूल, सरस्वती शिशु मंदिर के छात्र छात्राएं मौजूद थे।

### योग को जीवन शैली में शामिल करें: खुशवंत साहेब

**मोहला।** माडिंगपिडिंग स्थित पुलिस लाईन में योग दिवस के अवसर पर सामूहिक योगाभ्यास किया गया। मुख्य अतिथि आरंग विधायक गुरु खुशवंत साहेब थे। उन्होंने इस मौके पर कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति है। भारतीय पुरातन विरासत और धरोहर को संजोए रखने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि योग को दैनिक जीवन में शामिल करना चाहिए ताकि स्वस्थ्य जीवन यापन किया जा सके। इस अवसर पर जिला पंचायत के अध्यक्ष नम्रता सिंह, कलेक्टर तुलिका प्रजापति, पुलिस अधीक्षक यशपाल सिंह, डीएफओ दिनेश पटेल, जिपं सीईओ भारती चंद्राकार, अपर कलेक्टर विजेंद्रसिंह पाटले, जनप्रतिनिधियों एवं छात्र छात्राओं आदि ने सामूहिक योगाभ्यास किया। मुख्य अतिथि गुरु खुशवंत साहेब सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने पुलिस परेड मैदान में पौधारोपण किया। जिला योगा समन्वयक उमाशंकर तिवारी, विकासखंड योगा समन्वयक वेद प्रकाश भुआर्य, पतंजलि योगाचार्य पंचशील विश्वकर्मा ने योगाभ्यास कराया। जिले में योग दिवस का आयोजन अमृत सरोवरों में किया गया जिसमें ग्रामवासी, बच्चे, महिलाएं, पंचायत प्रतिनिधि आदि शामिल हुए। प्रातः 6.30 से 7.45 बजे तक सामूहिक योगाभ्यास किया गया।



**अर्जुनी।** स्थानीय नवीन महाविद्यालय में प्राचार्य डा.अंजना ठाकुर के निर्देशन में पौधारोपण एवं योगासन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य ने पौधारोपण किया और योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग जीवन को निरोग बनाता है इसलिए रोज सुबह -शाम योग करना चाहिए। तत्पश्चात योग शिक्षक दुष्यंत कुमार साहू ने योगासन कराया। इस अवसर पर पूजा भुआर्य, तनु ठाकुर, वेनुका निषाद, गितेश कुमार, मुरली साहू, चन्द्रप्रकाश, अतिथि व्याख्याता योगेन्द्र देवागंन, हेमशंकर साहू, ओमप्रकाश सहारे, चांदनी पराते, दुर्गाप्रसाद चौधरी, भुवनेश्वर, नंदनी कुर्रे आदि ने योगासन किया। इसी प्रकार प्राथमिक शाला मेढ़ा में योग दिवस मनाया गया। प्रधान पाठक कैलाश रामटेके, शिक्षिका यमुना वैष्णव, पंचायत प्रतिनिधि और पालकों ने कार्यक्रम में शामिल होकर योग और आसानों का अभ्यास किया।

### बड़ों और बच्चों ने किया योग

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर प्राथमिक विद्यालय सुख़री में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया। शाला की प्रधान पाठक सपना भरतद्वाज ने योग का अभ्यास कराया। कार्यक्रम में सरपंच सुरेंद्र गिर गोस्वामी, उपसरपंच महेश्वरी निषाद, मालती यादव, रोजगार सहायक गोविंद सोरी, शिक्षक गिरिजा साहू, डगेश्वर, महरुराम, वीरेंद्र साहू और स्कूल के छात्र छात्राएं शामिल हुए। सभी ने कपाल भाति, अनुलोम, विलोम, पद्मासन, शशांकासन, धनुराशन, वृक्षासन आदि किया। इस मौके पर बच्चो ने पपीता,कटहल के 4 पौधे लगाए।

**टाटेकसा।** एसबीआई फाउंडेशन एवं एसबीआईएसजी ग्लोबल के सहयोग से संचालित जीवनम मोबाइल मेडिकल यूनिट एवं शिखर युवा मंच के सहयोग से प्राथमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला टाटेकसा में योग दिवस मनाया गया। संजीवनी टीम ने योग का अभ्यास कराया। बच्चों को योग के प्रति जागरूक किया गया। जिला समन्वयक योगेश चौहान ने बच्चों को योग की जानकारी देते हुए सभी से इसे जीवन का हिस्सा बनाने कहा। कार्यक्रम में डॉ ईश्वर यादव, आशीष साहू, निखिल सहारे शामिल हुए। इसी प्रकार वनांचल की ग्राम पंचायत कनेरी में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ शिल्पा मिश्रा के मार्गदर्शन में आयोजित पांच दिवसीय योग शिविर का समापन योग दिवस के अवसर पर किया गया। समापन के दौरान शिविर प्रभारी डॉ मेघा मेश्राम ने कहा कि योग से मानव का सर्वांगीण विकास होता है। योग हमारे अंदर छुपी हुई क्षमताओं को खोलने की चाबी है। इस दौरान योग साधकों को योगिंग जोगिंग, सूर्य नमस्कार, सूक्ष्म व्यायाम, आसन, प्राणायाम, ध्यान, यजन, भजन व कीर्तन के साथ योग कराया गया। शिविर के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान अंतर्गत पौधरोपण किया गया। शिविर में दिलीप साहु, करुणा सुरसावंत, शैलेन्द्र कंवर, सरपंच मदन यादव, रत्तुलाल चंद्रवंशी आदि शामिल हुए। अंत में अंकुरित चना, मूंग एवं काढ़ा का वितरण किया गया।

**ठेलकाडीह।** माय भारत जिला युवा अधिकारी शुभाशीष के



नेतृत्व एवं उच्चतर माध्यमिक शाला बखत रेगाकठेरा के सहयोग से योग दिवस शनिवार को मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं और ग्रामीण शामिल हुए। बच्चों ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। इस दौरान प्राचार्य विभा सोलंकी ने स्वास्थ्य और मन की एकाग्रता का संदेश दिया। स्वयंसेवक तेजस्वी वर्मा और शिक्षकों ने नियमित योग करने की सलाह दी। इस मौके पर आरएस नरवासे, आशुतोष तिवारी, सेवकराम साहू, मोहिनी चौरसिया, रंजना मेश्राम, केशव बारले, रुद्र साहू, युवराज साहू, धर्मेंद्र साहू आदि मौजूद थे।

**बोरी।** ग्राम की उच्चतर माध्यमिक शाला प्रांगण में योग दिवस मनाया गया। प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शाला की छात्र-छात्राएं एवं शिक्षक शिक्षिकाओं ने योग का अभ्यास किया। इस दौरान सरपंच जीवन लाल साहू, रतनलाल देवांगन, सचिव छन्नूलाल पटेल, लालाराम देवांगन, हेमपुष्पा देवांगन, प्राचार्य अनिता सहारे, संकुल समन्वयक चंद्रशेखर भरने, व्यायाम शिक्षक उमेशदास वैष्णव,सुश्री कायरकर आदि कार्यक्रम में शामिल हुए। प्राचार्य श्रीमती सहारे ने योग के नियमों एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला।प्राचार्य ने स्कूल परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एक पौधा रोपा।







# गरीबों का सर्वे नहीं, दो दशक पुरानी सूची का उपयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

नगर पालिका क्षेत्र में करीब 18 साल पहले गरीबों का सर्वे हुआ था। सर्वे के आधार पर तैयार सूची में शामिल लोगों को नियमानुसार योजनाओं में लाभ मिल रहा है। इस अवधि में पुनः सर्वे नहीं होने से अन्य परिवार गरीब होने के बाद भी योजनाओं का लाभ नहीं उठा पा रहे हैं।

उल्लेखनीय है कि गरीबी का आंकलन आय या खपत को देखकर किया जाता है। किसी परिवार की आय या खपत एक निश्चित न्यूनतम स्तर से कम है तो उसे गरीबी रेखा से नीचे माना जाता है। गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवारों को लाभान्वित करने शासन द्वारा कई योजनाएं चलाई जाती है वहीं शहर के कई गरीब जिनका नाम गरीबी रेखा से जीवन यापन करने वालों की सूची में नहीं होने के कारण उनके बच्चों का स्कूल में एडमिशन नहीं हो सका है।



### गरीब हो रहे लाभ से वंचित

जानकारी के अनुसार लगभग दो दशक पहले बनी सूची का उपयोग आज भी किया जा रहा है जबकि सूची में शामिल कई लोगों की स्थिति सुधर गई है इसके बाद भी उनका नाम सूची में शामिल है। वहीं जो वास्तविक हकदार है वह सूची से बाहर है। योजनाओं का लाभ वास्तविक गरीबों तक पहुंचाने के लिए नए सिरे से सर्वे कराने की जरूरत महसूस की जा रही है। उल्लेखनीय है कि आरटीई के तहत प्राइवेट स्कूलों में 25 प्रतिशत सीटें गरीब बच्चों के आरक्षित होती है किन्तु गरीबी रेखा की सूची में नाम नहीं होने के कारण बच्चे इसके लाभ से वंचित हो रहे हैं। बताया जाता है कि 2007-08 में बनी सूची में बहुत सारे लोगों का नाम नहीं है। वंचित लोगों के नाम को शामिल करने बीते दो दशक में कोई प्रयास भी नहीं हुआ है।

# विवेक का प्रयास विद्यालय में चयन

**गंडई पंडरिया।** पूर्व माध्यमिक शाला धोधा के छात्र विवेक कुमार जंघेल पिता पन्नालाल जंघेल का प्रयास विद्यालय में प्रवेश के लिए चयन हुआ है। विवेक की उपलब्धि से विद्यालय परिवार सहित गांव में हर्ष का माहौल है। विवेक के चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए प्रधानपाठक शेष नारायण साहू, प्राचार्य जयप्रकाश नारायण श्रीवास्तव, दुर्जन जंघेल, प्रभाकर जंघेल, निकहत शेख, विनीता राजपूत, रमारानी वर्मा, गायत्री महोबे, यशोमति वर्मा, प्रतिमा धनकर, डोमनलाल साहू, स्मिता अग्रवाल, पुष्पा देवांगन, श्वेता गुप्ता, अर्चना चौबे, कोमेश्वरी वर्मा, अश्वनी जंघेल, भारती सिन्हा, जितेंद्र वर्मा, शाला समिति के अध्यक्ष राजूलाल जंघेल, सरपंच दूजेराम वर्मा, रामाधार वर्मा, अनिश गौतम, योगेंद्र कौशिक आदि ने बधाई दी है। विवेक को मिठाई खिलाकर और पेन-डायरी भेंट कर प्रोत्साहित किया गया।



# सरकारी जमीन पर कब्जा

- अछोली में लगातार बढ़ रहे अतिक्रमण
- मुरूम का खनन कर किया कब्जा



हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

अछोली में भू माफिया का कब्जा बढ़ते जा रहा है। बीते तीन साल में कई सरकारी जमीनों पर अवैध कब्जा किया जा रहा है।

प्रशासन की सख्ती के बाद इन अतिक्रमण पर रोक नहीं लग पाई है। हाल में सुदर्शन पहाड़ के पास की डेढ़ एकड़ सरकारी जमीन पर कब्जा कर लिया गया है।

पहाड़ के पिछले हिस्से में स्थित जमीन पर गांव के व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा किया जा रहा है। मटेरियल सप्लायर की निजी जमीन इस शासकीय जमीन से लगी हुई है। जहां से पहले उसने मुरुम निकालकर बेच दिया। जमीन का स्तर उसके खेत के बराबर होने के बाद उसे कब्जा किया जा रहा है। कुछ दिन पहले भी इसी गांव में अतिक्रमण का मामला सामने आया था। प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई कर लगभग 80 डिसमिल जमीन बचा लिया था। गांव के 9 से 10 लोगों ने सरकारी जमीन पर कब्जा किया था जिस पर तत्कालीन एसडीएम मनोज मरकाम की सख्ती के बाद रोक लगी थी।

## खबर संक्षेप

### आटो रिक्शा चालकों का पहचान पत्र लगाने की मांग

**राजनांदगांव।** सनातन धर्म महासभा द्वारा एसपी व एएसपी को रेलवे स्टेशन से आने-जाने वाले सभी यात्रियों की भविष्य में सुरक्षा व जनहित को ध्यान में रखते रेलवे स्टेशन व सभी आटो रिक्शा चालकों को पूर्ण नाम, पता, पहचान पत्र सहित आटो रिक्शा में पुलिस थाना का नंबर अनिवार्य रूप से करने ज्ञापन दिया गया। सनातन धर्म महासभा के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने बताया कि ऑटो रिक्शा चालकों को छत्तीसगढ़ प्रदेश में अनिवार्य रूप पहचान पत्र लगाने प्रदेश के जिलाध्यक्षों को ज्ञापन देने को कहा गया। ऑटो रिक्शा चालकों में अनिवार्य रूप से पहचान पत्र होने से सभी रेल यात्री एवं सभी को किसी भी अनहोनी को सामना नहीं करना पड़ेगा। ज्ञापन में छग सनातन धर्म के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक, जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला नवयुवक मंडल अध्यक्ष सौरभ खंडेलवाल, शहर उपाध्यक्ष महेन्द्र शुक्ला, राजेश लड्ढा, शिव वर्मा, भोला यादव विशेष रूप से उपस्थित होकर पहचान पत्र अनिवार्य करने की मांग की। उक्त जानकारी प्रदेश प्रवक्ता हरीश गाँधी ने दी।



### शिविर का 10 फीसदी रक्त अस्पतालों को देने की मांग

**राजनांदगांव।** छात्र युवा मंच रक्तवीर संगठन ने स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर और सुविधाजनक बनाने शुक्रवार को जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी को मांग पत्र सौंपा। संगठन ने अपने मांग पत्र में जर्जर हो चुके जिला स्वास्थ्य विभाग को जिला चिकित्सालय स्थित भवन में संचालित करने की मांग की। जिससे जिला स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ व अटैच चिकित्सक, स्वास्थ्य कर्मचारी जिला हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों का इलाज कर सके और स्वास्थ्य विभाग से जिला हॉस्पिटल में आदेश, जानकारी के आदान-प्रदान में होने वाले समय की भी बचत होगी। मांग पत्र में बताया गया कि आयुष्मान कार्ड से भुगतान हो ब्लड जांच का शुल्क व व्यवस्था में सुधार होना चाहिए। राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन द्वारा संपूर्ण भारतवर्ष के शासकीय व निजी ब्लड बैंकों के लिए ब्लड प्रोसेसिंग शुल्क निर्धारित की गई है। जिसमें शासकीय ब्लड बैंक के लिए 1150 व निजी ब्लड बैंक के लिए 1550 निर्धारित हैं, जिसे आयुष्मान कार्ड में जारी करने की मांग की गई। साथ ही जिले में रक्तदान शिविर की अनुमति स्वास्थ्य विभाग से अनिवार्य करने व निजी ब्लड बैंकों द्वारा आयोजित रक्तदान शिविरों का 10 प्रतिशत रक्त जिला चिकित्सालय या मेडिकल कॉलेज को प्रदान करने की मांग की गई।



### युगांतर में पॉश एक्ट पर हुई कार्यशाला



**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल के शिक्षकों को पॉश एक्ट की जानकारी देने एक कार्यशाला आयोजित किया गया, जिसे स्कूल की काउंसलर नीलिमा कोठारी ने संचालित किया। उन्होंने शिक्षकों को संबोधित करते कहा कि शिक्षकगण को पॉश एक्ट की व्यापक जानकारी होनी चाहिए। उन्हें पॉश जैसे संवेदनशील विषय की पहचान होनी चाहिए। जिससे महिलाएं वर्किंग प्लेस में निर्बाध रूप से सुरक्षित होकर कार्य कर सके। इस संबंध में कोई समस्या आती है, तो उसका उचित समाधान कर सके। इसके बारे में विद्यालय की काउंसलर ने एक समिति बनाने पर जोर दिया। इस प्रभावी आयोजन के लिए विद्यालय के चेयरमैन अजय सिंगी, वाइस चेयरमैन अखराज कोटड़िया, सेक्रेटरी विनय डड्ढा, कोषाध्यक्ष मिश्रीलाल गोलछा, निदेशक (अकेडमिक्स) सुशील कोठारी, नरेंद्र कोटड़िया, प्राचार्य मधुसूदन नायर, पीआरओ स्पोर्ट्स ऑफिसर दिनेश प्रताप सिंह सहित युगांतर परिवार ने हर्ष प्रकट किया है।

### कलेक्टर ने की पौधे लगाने की अपील

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिलेवासियों से बारिश के मौसम में पौधे लगाने की अपील की है। उन्होंने नागरिकों से आव्हान करते कहा कि आइए हम अपने शहर एवं गांव को हरा भरा बनाएं। धरती की हरीतिमा, पर्यावरण की रक्षा के लिए अपना दायित्व निभाते एक पेड़ मां के नाम अभियान में सहभागिता निभाएं। बारिश पौधरोपण के लिए उपयुक्त समय है। यही वह वक्त है, जब पौधे आसानी से मिट्टी में अपनी जड़ें मजबूती से बना लेते हैं। ग्लोबल वार्मिंग एवं बढ़ते तापमान के दुष्प्रभाव को रोकने पौधरोपण करना एवं जल संरक्षण बहुत आवश्यक है। फलदार एवं छायादार वृक्ष लगाना पुण्य का कार्य है।

### जिला इकाई ने उप मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**राजनांदगांव।** ग्रामीण सामाजिक अंकेक्षक ग्रुप (वीएसए, वीआरपी) राजनांदगांव, बालोद, कांकेर जिला इकाई ने संयुक्त रूप से अपनी मांग और समस्याओं को लेकर उप मुख्यमंत्री एवं राजनांदगांव के प्रभारी मंत्री विजय शर्मा से मुलाकात की। इस अवसर पर कमलेश्वरी साहू, कुसुम साहू, छाया बोरकर, निर्मला साहू, चमेली साहू, ममता साहू, सुजाता साहू, शीला यादव, निर्मला टेम्बूलकर, बिमला बघेल, रेखा वर्मा, सीमा साहू, पावित्री, रागिनी साहू, मालती ठाकुर, दिलेश्वरी, रेखा सोरी, बसंता, सुशिमा, मीरा, तारिणी, संगीता लाटिया, द्रोपती फलेन्द्र, चंद्रिका सिन्हा, ओमिला सहित बड़ी संख्या में (वीएसए, वीआरपी) उपस्थित थे।



### किया पौधा रोपण

**छुरिया।** जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव एवं जिला भाजपा महामंत्री रविन्द्र वैष्णव की बेटी मानसी वैष्णव ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत एक पौधा लगाया। मानसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर जामुन के पौधे का रोपण किया। उन्होंने सभी से अपनी माँ की स्मृति में पौधे लगाने का आव्हान किया है।



# योग दिवस पर जिला मुख्यालय में किया सामूहिक योगाभ्यास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खैरागढ़

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर आज स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट कन्या शाला में एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग थीम पर जिला स्तरीय योग शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि भारत की प्राचीन परंपरा योग को आज पूरे विश्व में सम्मान मिला है, जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है।

उन्होंने योग की महत्ता को संयुक्त राष्ट्र संघ में विश्व के समक्ष प्रस्तुत किया जिसे आज 175 से अधिक देशों के 12 लाख जगहो मे दस करोड़ से अधिक लोग योगाभ्यास से जुड़ रहे है। उन्होंने आज के दिन को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि योग को वैश्विक मंच पर लाने के साथ ही उन्होंने स्वच्छता जैसे युगांतरकारी कार्यों से जन चेतना जगाई है। उन्होंने कहा कि हर बच्चा चॉकलेट का रैपर भी जेब में रखता है, यह स्वच्छता अभियान की सफलता है। चरण पादुका वितरण योजना की शुरुआत को लेकर उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को बधाई दी और कहा कि यह योजना विशेष रूप से वनवासी, तेंदूपत्ता संग्राहक और जंगल में रहने वाले भाइयों-बहनों के लिए समर्पित है। इस दौरान नपा अध्यक्ष गिरिजा चंद्राकर, पूर्व जिपं सभापति घम्मन साहू, खम्मन ताम्रकार, भागवत शरण सिंह, विनय देवांगन, डॉ बिसेसर साहू, तीरथ चंदेल, पुलिस अधीक्षक लक्ष्य शर्मा, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, अपर कलेक्टर सुरेंद्र कुमार ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर सुमन राज, डिप्टी कलेक्टर रेणुका रात्रे, एसडीएम टंकेश्वर प्रसाद साहू सहित जन प्रतिनिधि, विभिन्न विभागो के अधिकारी कर्मचारी, स्कूली छात्र-छात्राएं शिक्षक-शिक्षिकाओ सहित अन्य मौजूद थे।





## जिला स्तरीय योग शिविर का आयोजन

### नहीं है योग का कोई विकल्प

जिला पंचायत अध्यक्ष प्रियंका ताम्रकार ने योग दिवस की शुभकामना देते हुए योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग भारत की प्राचीन परंपरा है, जो आज पूरे विश्व में स्वास्थ्य और जीवन शैली के प्रतीक के रूप में स्थापित हो चुकी है। उन्होंने व्यस्त दिनचर्या में से रोज कुछ समय योग के लिए निकालने की अपील की। जिपं उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग सबसे महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि विज्ञान चाहे कितना भी विकसित और दवाइयाँ कितनी भी प्रभावशाली बन जाएं लेकिन योग का कोई विकल्प नहीं है। पूर्व विधायक कोमल जांघेल ने कहा कि योग हमारे जीवन के लिए केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि शारीरिक और मानसिक स्वच्छता बनाए रखने का एक सशक्त माध्यम है। हमारे ऋषि-मुनियों ने हजारों साल पहले योग की नींव रख दी थी। आज उसी परंपरा को प्रधानमंत्री के प्रयासों से अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली है।

### सांस्कृतिक शक्ति का प्रतीक है योग

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने कहा कि योग शब्द अपने आप में एकता, संतुलन और स्वास्थ्य का प्रतीक है। योग आज केवल भारत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह वैश्विक मंच पर अपनी पहचान बना चुका है। भारत की सांस्कृतिक धरोहर योग, आज विश्वभर में सम्मान के साथ अपनाई जा रही है और देश की सांस्कृतिक शक्ति का प्रतीक बनकर उभरा है। उन्होंने बताया कि तेंदूपत्ता तोड़ने वाले श्रमिकों के लिए वन विभाग के माध्यम से चरण पादुका वितरित का शुभारंभ भी जिले मे आज से किया जा रहा है।

### कपालभारती और शवासन का दिया प्रशिक्षण

सामूहिक योग कार्यक्रम दौरान व्याख्याता मानस साहू ने प्रतिभागियों को विभिन्न योग मुद्राओं का अभ्यास कराया गया। योग सत्र में शिथिलीकरण अभ्यास, स्कंध संचालन, कटि चालन, घुटना संचालन, ताड़ासन, पादहस्तासन, अर्धचक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, अर्धउष्ठासन, उष्ट्रासन, उत्तान मंडूकासन, वक्रासन, मकरासन, शलभासन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, अर्धहलासन, पवनमुक्तासन सहित शवासन का अभ्यास कराया गया। साथ ही कपालभारती, प्राणायाम, भ्रामरी और ध्यानासन का प्रशिक्षण देकर योग के मानसिक लाभों की जानकारी दी गई। योगाभ्यास बाद सांसद सहित सभी जनप्रतिनिधियों अधिकारियों ने कन्या शाला परिसर मे पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। कार्यक्रम का संचालन वैद्यनाथ वर्मा व आभार जिपं सीईओ प्रेमकुमार पटेल ने व्यक्त किया।

### इंदिरा कला संगीत विवि में मना योग दिवस

अंर्तराष्ट्रीय योग दिवस पर इंदिरा कला संगीत विवि के योग केन्द्र में योग दिवस मनाया गया। योग दिवस को सफल बनाने विवि के प्रभारी कुलपति प्रो राजन यादव, कुलसचिव डॉ सौमित्र तिवारी, अधिष्ठाता कला संकाय प्रो मृदुला शुक्ल, अधिष्ठाता संगीत संकाय प्रो नमन दत्त, अधिष्ठाता नृत्य संकाय प्रो नीता गहरवार, अधिष्ठाता दृश्यकला संकाय डॉ मानस कुमार साहू व सहायक कुलसचिव विजय कुमार सिंह के साथ सह-प्राध्यापकगण, सहायक प्राध्यापकगण सहित अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। अतिथियों ने योग केन्द्र के विद्यार्थियों द्वारा निर्मित रंगोली का निरीक्षण कर सराहना की जिसके बाद योग अनुदेशक डॉ अजय पांडेय द्वारा योग प्रोटोकॉल के तहत योगाभ्यास कराया गया जिसमें वृक्षासन, भुजंगासन, ताड़ासन, भ्रामरी प्राणायाम व योग निद्रा सहित अन्य मुद्राएं शामिल है। इस दौरान विद्यार्थियों ने भजन-कीर्तन भी किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रभारी कुलपति प्रो राजन यादव ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि विश्व में भारत की पहचान अब योग के माध्यम से भी हो रहा है, जो हमारे लिये सौभाग्य का विषय है। कुलसचिव डॉ सौमित्र तिवारी ने योग के वैज्ञानिक पक्षों से अवगत कराते हुये महर्षि पतंजलि द्वारा योग के सूत्रपात के संबंध में जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि योग को केवल एक दिन करके नहीं छोड़ना है बल्कि इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाना है तभी इसका लाभ मिल पायेगा। कार्यक्रम बाद अतिथियों के द्वारा विवि परिसर में फलदार व छायादार प्रजाति के पौधे रोपकर उनके सरंक्षण व संवर्धन का संकल्प लिया गया।

## खेक्सी की खेती से लाखों की आमदनी, कलेक्टर ने सराहा



**छुईखदान।** विकासखंड के ग्राम गुमानपुर निवासी प्रगतिशील कृषक सजेलाल जंघेल ने राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का लाभ लेकर खेक्सी (कंटोला) की खेती में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। सजेलाल द्वारा खेत में की गई नवाचारी खेती का अवलोकन करने कलेक्टर श्री इंद्रजीत चंद्रवाल ने उनके प्रक्षेत्र का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमकुमार पटेल, उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक रविन्द्र कुमार मेहरा उपस्थित थे। श्री मेहरा ने बताया कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत विलुप्त होती सब्जियों को पुनर्जीवित करने और किसानों को उच्च मूल्य की फसलें अपनाने के लिए खेक्सी की अग्रिम पंक्ति फसल प्रदर्शन कराया गया है।

कलेक्टर ने खेक्सी की उन्नत खेती देख प्रसन्नता जताई। उन्होंने किसान से खेती के तरीकों, लागत, उत्पादन और बाजार मूल्य की जानकारी लेते हुए अन्य किसानों को भी इस दिशा में प्रेरित करने की सलाह दी। विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक किसानों को ऐसी योजनाओं से लाभांवित किया जाए। किसान सजेलाल जंघेल ने बताया कि उन्होंने एक एकड़ भूमि में खेक्सी की फसल ली, जिससे विगत वर्ष 20 क्विंटल से अधिक का उत्पादन हुआ। इस फसल की बाजार में भारी मांग है। शुरुआती दौर में इसकी बिक्री 200 रूपए प्रति किलो तक हुई। वहीं बाद में 100 रूपए प्रति किलो की दर से भी उन्होंने बिक्री की। कुल मिलाकर वर्ष भर में लगभग 3-4 लाख की आमदनी उन्होंने इस फसल से अर्जित की।

### अनुदान में मिला 4 लाख

उद्यानिकी विभाग ने उन्हें 4 लाख की अनुदान राशि प्रदान की है, जिससे वह खेत में संरचना और तकनीकी सहायता प्राप्त कर सके। खेक्सी पोषक तत्वों से भरपूर फसल है और इसे स्वास्थ्यवर्धक सब्जियों में गिना जाता है। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह मॉडल अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन सकता है।

## चाकू की नोंक पर कराया 1 लाख ट्रांसफर

**डोंगरगढ़।** चाकू की नोट पर लूट की घटना सामने आई है। आरोपियों ने युवक से नगदी, सोने की चेन लूटा साथ ही जान से मारनें की धमकी देकर फोन पे से एक लाख पांच हजार रुपए ट्रांसफर भी करवाया। गुरूवार की रात कालका पारा निवासी असगर खान अपने एक साथी के साथ खैरागढ़ गया था। लौटने के दौरान डोंगरगढ़ से तीन किलोमीटर पहले बाथरूम करने रुके थे तभी दो युवक पहुंचें और चाकू टिका दिया। मारपीट करते हुए नगदी, सोने की चेन को उतरकर फोन पे से बैलेंस चेक कराया और उसे भी ट्रांसफर करा लिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भाग निकले। दोनों युवकों ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। उन्होंने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया। ऑनलाइन ट्रांजक्शन के आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है।




## कलेक्टर ने नपं परिसर में रोपा पौधा



**छुरिया।** कलेक्टर सर्वेश्वर नरेन्द्र भूरे, नगर अध्यक्ष अजय पटेल ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत नगर पंचायत परिसर में पौधरोपण किया। नगर अध्यक्ष श्री पटेल ने कहा कि यह अभियान पर्यावरण की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। धरती को बचाने के लिए पौधे लगाना आवश्यक है। नगर अध्यक्ष श्री पटेल ने कलेक्टर के समक्ष शहर के विकास कार्यों को लेकर अपनी बातें कहीं। इस दौरान सीएमओ ने निर्माण कार्य एवं अमृत मिशन 2.0 की प्रगति की जानकारी दी।इस अवसर पर एसडीएम श्रीकांत कोर्राम, नगर उपाध्यक्ष भूषण नेताम, उपअभियंता अजय प्रधान सहित अन्य उपस्थित थे।

## परियोजना कार्यालय में पौधारोपण

**घुमका।** महिला बाल विकास परियोजना घुमका ग्रामीण 2 ने शुक्रवार को परियोजना कार्यालय परिसर पर मां के नाम एक पौधे थीम पर पौधरोपण किया। परियोजना अधिकारी विमला शर्मा ने बताया कि परियोजना के अधीन संचालित 157 आँगन बाड़ी केंद्रों में 572 पौधों का रोपण किया गया। रोपे गए पौधों में शहतूत, शीशम, आंवला, पपीता, मुनगा शामिल है। इस दौरान सीएमओ ज्ञानेश्वर देवदास, पूर्व सरपंच फूलमति वर्मा, इंद्रपालसिंह, अर्चना ध्रुव, ईशा शिंदे, अंजुप्रभा आदि मौजूद थे।





## सार समाचार

### कोरोना से संक्रमित मरीज की पुष्टि, विभाग अलर्ट

**राजनांदगांव।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने राजनांदगांव शहर के लखोली वार्ड में कोरोना से संक्रमित मरीज की पुष्टि होने पर स्वास्थ्य



विभाग को अलर्ट करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं। उन्होंने कोविड प्रोटोकाल का पालन करते कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा लखोली वार्ड में डोर टू डोर नागरिकों से संपर्क कर स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली जा रही है। साथ ही सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित मरीजों का सेम्पल भी लिया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की टीम में डॉ. बीएल तुलावी, डॉ. सतीश मेश्राम, अखिलेश नारायण, कौशल शर्मा, सुश्री रेणुका बत्रा, सुश्री चन्द्रमणि चंदेल शामिल थे।

### जिला न्यायालय में किया गया योगाभ्यास

**राजनांदगांव।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर जिला न्यायालय परिसर के मंथन हॉल में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक



सेवा प्राधिकरण श्रीमती सुषमा सावंत उपस्थित थी। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक होमिका साहू द्वारा विभिन्न योगा आसनों का अभ्यास कराया एवं उनके स्वास्थ्य लाभ की जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि योग व प्राणायाम को नियमित दिनचर्या में शामिल कर निरोगी व स्वस्थ रह सकते हैं। कार्यक्रम में जिला न्यायालय के न्यायाधीश, लीगल एड डिफेंस कौंसिल, अधिवक्ता, प्रशासनिक अधिकारी, तृतीय व चतुर्थ कर्मचारी तथा पैरालीगल वालिंटियर्स शामिल हुए।

### लालबाग से निकलेगी जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा

**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ घासी घासीया समाज के तत्वावधान में भगवान जगन्नाथ स्वामी, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की भव्य रथयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा लालबाग प्रभात नगर वार्ड क्रमांक 23 से



धूमधाम से निकाली जाएगी। कार्यक्रम के संयोजक एवं रथयात्रा समिति के संरक्षक गोलू नायक ने बताया कि रथयात्रा की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है। उन्होंने श्रद्धालुजनों और नगरवासियों से आग्रह किया है कि वे अपने परिवार सहित रथयात्रा में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा के दिव्य आशीर्वाद का लाभ प्राप्त करें। रथयात्रा के दौरान पूरे मार्ग को सजाया जाएगा और भजन-कीर्तन, शंखध्वनि व जयघोषों से वातावरण भक्तिमय होगा। श्रद्धालु भक्तगण रथ को खींचकर पुण्य अर्जित करेंगे।

### नाली बनाने महापौर ने किया भूमिपूजन

**राजनांदगांव।** विकास कार्य की कड़ी में शुक्रवार को वार्ड नं. 37 ओसवाल लाइन में अधोसंरचना मद अंतर्गत 15 लाख रुपए की लागत से



नाली निर्माण करने महापौर मधुसूदन यादव ने निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा समेत सावन वर्मा, जैनम बैद, हकीम खान व वार्डवासियों की उपस्थिति में श्रीफल फोड़कर व गैती चलाकर भूमिपूजन किया। भूमिपूजन के पूर्व वार्ड के मानोश गोलछा, भागचंद गिड़ियि, मनोज कोटड़िया, पंकज टाटीया, अशोक श्रीश्रीमाल, अजीत गिड़यि, नरेश बैद, मनोज ओस्तवाल, भोला पारख, विनोद पारख ने अतिथियों का स्वागत किया। महापौर यादव ने कहा कि शासन द्वारा संस्कारधानी में विकास कार्य कराने नगर निगम में स्वीकृति दिए थे। शासन स्वीकृति एवं विधायक डॉ. रमन सिंह तथा सांसद संतोष पांडे की अनुशंसा पर विकास कार्य वार्डों में कराए जा रहे हैं।

### रायपुर में 12 से वैष्णव राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक

**राजनांदगांव।** अखिल भारतीय वैष्णव ब्राम्हण सेवा संघ मुंबई की राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक आगामी 12 एवं 13 जुलाई को रायपुर के एक होटल में



आयोजित है। प्रदेश महासचिव रजनीश वैष्णव ने जानकारी दी कि वैष्णव प्रतिनिधि मंडल ने दुग्धाधारी मठ के महंत श्री राज राजेश्वर रामसुंदर दास संरक्षक को विधिवत आमंत्रण दिया गया। प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, उपमुख्यमंत्रीद्वय अरूण साव एवं विजय शर्मा सहित मंत्रीगण को विधिवत निमंत्रण देकर 13 जुलाई को राष्ट्रीय कार्यकारिणी बैठक में मुख्य अतिथि, अध्यक्षता एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किया। जिसकी वैष्णव समिति को सहमति प्राप्त हुई। प्रदेश युवा अध्यक्ष राघवेन्द्र दास ने बताया कि वैष्णव राष्ट्रीय अधिवेशन में वृन्दावन, आयोध्या, काशी,चित्रकुट, जगन्नाथपुरी आदि सहित देशभर के मठों और मंदिरों के महात्मा एवं वैष्णव आचार्यगण आमंत्रित किए गए हैं।

### विहिप बजरंग दल ने सौंपा कलेक्टर को ज्ञापन

**राजनांदगांव।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल गौ रक्षा के पदाधिकारियों ने पशु चिकित्सालय द्वारा की जा रही लापरवाही एवं गौवंशों के प्रति



उदासीनता व शासकीय कर्तव्य छोड़कर निजी प्रैक्टिस में रूचि लेने के प्रति रोष व्यक्त किया। विहिप जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश अग्निहोत्री व बजरंगदल के जिला संयोजक राहुल बलदेव मिश्रा के नेतृत्व में कलेक्टर से मुलाकात कर पशु चिकित्सालय द्वारा अपनी शासकीय ड्यूटी छोड़ सुबह 7.30 से 11 बजे की अवधि निजी पशुओं के उपचार में व्यस्त रहते हैं ।इस अवसर पर लालमुनाई सिंह, सुनील सेन, नवीन अग्रवाल, अंशुल कसार, विकास जांगिड़, राज तंवर, प्रिंस प्रशांत हाथीबेड़, गौरव शर्मा, प्रणय मुल्लेवार, सन्मय श्रीवास्तव एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

विस अध्यक्ष ने कहा : वनवासियों के पैरों को चोंट से बचाने उपयोगी योजना

# तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिली चरण पादुका 11 करोड़ रुपए की राशि का भी भुगतान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज अपने निवास कार्यालय में आयोजित चरण पादुका वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने अपने निवास कार्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम के तहत पौधरोपण किया। विधासभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने तेंदूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका का वितरण किया।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार की योजनाओं से गरीब एवं जरूरतमंद वर्गों के मेहनतकश लोगों के जीवन में परिवर्तन आ रहा है। उन्होंने कहा कि वनवासियों द्वारा तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य पूरे छत्तीसगढ़ में होता है। वनवासियों के पैरों में कंकड़-पत्थर और कांटे न चुभे, उनके पैरों को चोंट से बचाने और उनका जीवन स्वस्थ रखने के लिए चरण पादुका योजना शुरू की गई है। वनवासियों के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तेन्दूपत्ता के लिए 4 हजार रुपए प्रति मानक बोरा में वृद्धि कर 5 हजार 500 रुपए प्रति मानक बोरा किया है। इससे आर्थिक रूप से वनवासियों और वनवासी समितियों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि वर्ष 2025 में 18 हजार 332 तेन्दूपत्ता संग्राहकों को 10 करोड़ 70 लाख रुपए की राशि का भुगतान किया गया है।



#### जल संवर्धन के लिए पौधरोपण जरूरी

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूरे छत्तीसगढ़ में एक पेड़ मां के नाम अभियान भी शुरू किया है। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। जल संरक्षण और जल संवर्धन के लिए वृक्ष की आवश्यकता है। प्रकृति को बचाने के लिए पेड़ लगाना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि जिले में लक्ष्य निर्धारित कर ज्यादा से ज्यादा पौधरोपण किया जाएगा।

#### साढ़े 19 हजार वनवासियों को वितरित

वनमंडलाधिकार आयुष जैन ने कहा कि जिले में 18 प्राथमिक लघुवनोपज सहकारी समिति है। जिनके द्वारा तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य किया जाता है। जिसमें से 19 हजार 645 हितग्राहियों को चरण पादुका का वितरण किया गया है। वर्ष 2025 में 18 हजार 332 संग्राहकों को 10 करोड़ 70 लाख रुपए का वितरण किया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष जिला पंचायत किरण वैष्णव, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, पूर्व सांसद प्रदीप गांधी, कोमल सिंह राजपूत, रमेश पटेल, संतोष अग्रवाल, राजेश श्यामकर, कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे, पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह, प्रशिक्षु वनमंडलाधिकारी अभिषेक अग्रवाल, एसडीएम खेमलाल वर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण, वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी एवं हितग्राही उपस्थित थे।

### जिले में अब तक 181.5 मिली वर्षा दर्ज

**राजनांदगांव।** जिले में इस वर्ष चालू मानसून वर्ष में 1 जून 2025 से अब तक जिले के सभी 7 तहसीलों में 181.5 मिमी बारिश एवं औसत 25.9 मिली बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 17.9 मिमी, लालबहादुर नगर 0.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 78.0 मिमी, घुमका तहसील में 60 मिमी, छुरिया तहसील में 12.3 मिमी, कुमरदा तहसील में 6.1 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 6.7 मिमी बारिश दर्ज की गई है। राजनांदगांव तहसील में सर्वाधिक वर्षा 78 मिमी दर्ज की गई है। इसी तरह राजनांदगांव जिले के सभी 7 तहसीलों में 18.8 मिमी एवं औसत 2.7 मिमी बारिश दर्ज की गई है। डोंगरगढ़ तहसील में 4 मिमी, लाल बहादुर नगर तहसील में 0.5 मिमी, राजनांदगांव तहसील में 11.1 मिमी, कुमरदा तहसील में 1 मिमी, डोंगरगांव तहसील में 2.2 मिमी बारिश दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा राजनांदगांव तहसील में 11.1 मिमी दर्ज की गई है।

पृष्ठ 13 का शेष

### बैठक में दो पूर्व...

पूर्व विधायक और मौजूदा विधायक के बीच तनातनी चल ही रही थी कि बीच पूर्व मंत्री और दिग्गज कांग्रेसी नेता धनेश पाटिला ने भी डोंगरगढ़ ब्लॉक कांग्रेस पर उपेक्षा के आरोप लगाए, जिस पर भी विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने वाद-विवाद किया। वरिष्ठ नेता से विधायक की जुबानी जंग देखकर बैठक में मौजूदा सभी कांग्रेसी भी इस स्थिति से हड़बड़ा गए थे।

## नौकरी का झांसा देकर ठगी, दो पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ गंडई पंडरिया

शासकीय प्लेसमेंट के तहत नौकरी लगवाने का झांसा देकर एक महिला से 1,40,000 रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। थाना मोहगांव में दो आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार ग्राम जीराटोला निवासी आवेदिका जस्मी जंघेल 36 वर्ष ने शिकायत आवेदन किया था कि आवेदिका की बहन से अविनाश यादव से पूर्व से जान-पहचान थी। जनवरी 2024 में अविनाश यादव 35 वर्ष निवासी शंकरनगर रायपुर और स्वाती ढीवार निवासी शंकरनगर रायपुर ने उनसे संपर्क किया। उन्होंने बताया कि शंकरनगर रायपुर में अविनाश जॉब कंसल्टेंसी कंपनी है, जो लोगों को शासकीय प्लेसमेंट में नौकरी दिलाती है।

#### अधिकारी-नेताओं से पहचान की बात कही

शिकायत के अनुसार अविनाश यादव ने जस्मी जंघेल से कहा कि उसकी बड़े अधिकारियों और नेताओं से जान-पहचान है और वह उन्हें शासकीय प्लेसमेंट में नौकरी लगवा देगा। इसके लिए उसने 1,80,000 की मांग की। आवेदिका उनके झांसे में आ गई और किस्तों में पैसे देना शुरू कर दिया। उन्होंने कुल 1,40,000 दिए गए। आरोपियों ने जस्मी जंघेल को जून 2024 तक नौकरी लगाने का आश्वासन दिया था और शेष 40,000 नौकरी मिलने के बाद देने की बात कही थी। हालांकि आरोपियों ने आवेदिका को कोई नौकरी नहीं दिलाई। शिकायत की जांच के बाद थाना मोहगांव में अनावेदक अविनाश यादव और स्वाती ढीवार के खिलाफ धारा 318(4) और 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर लिया गया है और मामले की विवेचना जारी है।

## सीसीपीएल की संयुक्त विजेता टीम का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

■ राजनांदगांव पैंथर्स पर मुझे गर्व : रमन

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीसीपीएल ) के सीजन 2 में शानदार प्रदर्शन कर संयुक्त विजेता बनी टीम राजनांदगांव पैंथर्स का आज भव्य सम्मान समारोह होटल राज इंपीरियल में संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, विशिष्ट अतिथि सांसद संतोष पांडे, महापौर मधुसूदन यादव, समाजसेवी खूबचंद पारख, छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के डायरेक्टर बल्देव सिंह भाटिया, छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के डायरेक्टर विजय शाह, समाजसेवी सुरेश एच.लाल, कोमल सिंह राजपूत, पूर्व कलेक्टर जीएस मिश्रा, पूर्व विधायक अवधेश चंदेल, समाजसेवी रमेश पटेल, सीपीसीएल के चेयरमैन प्रमोदशंकर शर्मा उपस्थित रहे।



#### क्रिकेट अकादमी की स्थापना की मांग

समारोह को संबोधित करते जिला क्रिकेट एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी ने राजनांदगांव शहर में एक अत्याधुनिक क्रिकेट अकादमी की स्थापना की मांग करते जानकारी दी कि अगर दिग्विजय स्टेडियम का मैदान दुरुस्त कर ख्याति अनुरूप बना लिया जाएगा, तो फरवरी 2026 में राजनांदगांव में निश्चित रूप से रणजी ट्रॉफी का आयोजन संपन्न होगा।

#### नांदगांव पैंथर्स का शानदार प्रदर्शन : रमन

मुख्य अतिथि डॉ. रमन सिंह ने कहा कि राजनांदगांव का नाम जिस तरह क्रिकेट में प्रसिद्ध होते जा रहा है, उसको लेकर उन्होंने आशा व्यक्त की है कि निश्चित रूप से राजनांदगांव के खिलाड़ी बहुत जल्द भारतीय टीम में खेलते नजर आएंगे। उन्होंने बताया कि किस तरह उन्होंने सीसीपीएल के मैचों को देखकर राजनांदगांव पैंथर्स की टीम के शानदार प्रदर्शन का आनंद उठाते यह मान लिया था कि राजनांदगांव पैंथर्स की टीम निश्चित रूप से इस बार लीग की विजेता होगी।

#### महापौर ने की सराहना

महापौर यादव ने राजनांदगांव के खिलाड़ियों द्वारा भारतीय जूनियर टीम अंडर-19 में चयन होने की बधाई देते जिला क्रिकेट एसोसिएशन के क्रियाकलापों की सराहना की। उन्होंने अत्याधुनिक अकैडमी के निर्माण हेतु क्रिकेट एसोसिएशन की योजना को क्रियान्वित कराने पूर्णत सहयोग करने का आश्वासन दिया। सांसद संतोष पांडे ने सीपीएल में राजनांदगांव पैंथर के संयुक्त विजेता होने पर खिलाड़ियों एवं जिला क्रिकेट संघ को बधाई देते अपने अनुभव सुनाए।

#### खिलाड़ियों का सम्मान

समारोह में दक्षिण अफ्रीका में 90 किमी की अल्ट्रारेस को सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले छत्तीसगढ़ के पहले धावक शहर के उमेश काकिरवार, अंडर-19 में इंडिया टीम में चयनित होने वाले शहर के होनहार क्रिकेट खिलाड़ी विकल्प तिवारी एवं अंडर-19 में देशभर से चयनित अंतिम 25 खिलाड़ियों की सूची में शामिल होने वाली प्रदेश की पहली महिला खिलाड़ी महक नरवासे को भी अतिथियों ने पुरस्कृत कर शुभकामनाएं प्रेषित की।

## गोलीकांड के आरोपी को बचाने भाजपा का प्रयास शर्मनाक : मुदलियार

**राजनांदगांव।** मोहड़ में हुए गोलीकांड ने



एक बार फिर भाजपा के दोहरे चरित्र और जनविरोधी मानसिकता को उजागर कर दिया है। इस कांड में शामिल प्रमुख आरोपी संजय सिंह को लेकर भाजपा और पुलिस प्रशासन का रवैया अत्यंत संदिग्ध, पक्षपाती और जनविरोधी है। कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार ने गोलीकांड के मामले में बयान जारी कर भाजपा को घेरा है।

कांग्रेस नेता जितेंद्र मुदलियार ने सवाल उठाए कि जब एक ऑडियो के आधार पर एक पुलिस निरीक्षक को निलंबित किया जा सकता है, तो उसी आधार पर आरोपी संजय सिंह को बचाया क्यों जा रहा है? क्या यह स्पष्ट संकेत नहीं है कि भाजपा और पुलिस प्रशासन आरोपी को संरक्षण देने में लगे हुए हैं? उन्होंने कहा कि मोहड़ में जब ग्रामीणों ने भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत से संजय सिंह को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि वे संजय सिंह को नहीं जानते, यह एक सफेद झूठ है। संजय सिंह अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पदाधिकारी हैं और एबीवीपी स्वयं भाजपा की छात्र इकाई है। ऐसे में यह दावा करना कि पार्टी का कोई लेना-देना नहीं, भाजपा की नैतिक दिवालियापन और राजनीतिक पाखंड का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि पार्षद संजय रजक के मामले में भी भाजपा की दोहरी नीति सामने आ गई है।

## मोहड़ गोलीकांड के पीड़ितों से मिलने पहुंची भाजपा

**राजनांदगांव।** रेत के लिए कुछ आपराधिक तत्वों ने मानवता को भी शर्मसार कर दिया। कुछ ही दिनों पहले राजनांदगाव विधानसभा के ग्राम मोहड़ में रेत चोरी करने पहुंचे रेत तस्करों द्वारा रेत चोरी का प्रयास किया जा रहा था। ग्रामीणों के विरोध करने पर किराये के गुंडों के माध्यम से गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया गया, जो अत्यंत निंदनीय कृत्य है।

गुरुवार को भाजपा जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत भाजपा की टीम के साथ मोहड़ पहुंचकर पीड़ितों का हाल जाना और उन्हें न्याय दिलाने आश्वस्त किया। श्री राजपूत ने कहा कि इस क्षेत्र के विधायक डॉ. रमन सिंह हैं। इस घटना के किसी भी दोषी को बक्सा नहीं जाएगा, जिम्मेदार अधिकारियों पर निलंबन की गाज पहले ही गिर चुकी है, शेष जो भी लोग बचे हुए हैं उन पर भी लगाम कसी जाएगी और उन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी कि इस घटना की पुनरावृति के पहले ऐसे तत्व सौ बार सोचेंगे। कांग्रेस का चाल चरित्र चेहरा सभी पहचान चुके हैं। इस दौरान रवि सिन्हा, राजा माखिजा, मनोहर, डिलेश्वर साहू, संतोष निर्मलकर, संतोष साहू, अरूण साहू, मोहन, विजय, मोनू बहादुर आदि उपस्थित रहे।

## औषधालय से कम्प्यूटर सेट की चोरी, दो पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शासकीय कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं औषधालय से कम्प्यूटर सेट चोरी होने के मामले की जांच पड़ताल करते पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। जिनसे चोरी के तीन कम्प्यूटर सेट व एक प्रिंटर बरामद किया गया है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रार्थी डॉ. पवन कुमार ठाकुर 63 वर्ष साकिन विवेकानंद नगर स्टेडियम वार्ड 22 द्वारा 18 जून को थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 17 जून के 6 बजे से 18 जून के 7 बजे के मध्य शासकीय कार्यालय कर्मचारी राज्य बीमा सेवाएं औषधालय राजनांदगांव से अज्ञात चोर द्वारा 3 नग नए कम्प्यूटर व 1 नग प्रिंटर कुल अनुमानित कीमती 4,83,862 रुपए को चोरी कर लिया गया। रिपोर्ट पर धारा 331(4), 305 (ए), 3 (5) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया।

#### सीसीटीवी फुटेज खंगाला

इस मामले में पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश व मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक रामेन्द्र सिंह एवं सायबर सेल राजनांदगांव प्रभारी निरीक्षक विनय पम्मार के नेतृत्व में थाना कोतवाली एवं सायबर सेल राजनांदगांव पुलिस के संयुक्त रूप से टीम गठित कर आरोपी की पतासाजी हेतु घटनास्थल व उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे के फुटेज को खंगाला गया।

#### घेराबंदी कर पकड़ा

पुलिस के अनुसार फुटेज में मिले क्लू के आधार पर आरोपी राजेन्द्र राजपूत 28 वर्ष साकिन ब्राम्हणपारा लकड़ी टाल के पीछे, गणेश राजपूत उर्फ गोलू 37 वर्ष साकिन सिनेमा लाइन कृष्णा टाकीज को घेराबंदी कर पकड़ा गया।

कृषि विभाग अलर्ट, अधिक उत्पादन वाले बीजों की मांग

## अवैध बीज, कीटनाशक विक्रेता पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मानसून की शुरूआत के साथ खरीफ 2025 में फसलों की बुआई भी प्रारंभ हो गई है। वहीं अधिक उत्पादन देने वाले किस्मों के बीजों की मांग भी बढ़ी हुई है। इसी बीच अवैध तरीके से बीज और कीटनाशक की बिक्री का मामला भी सामने आ रहा है, जिस पर कार्रवाई करते कृषि विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

कृषि विभाग द्वारा शासन से निर्धारित मूल्य पर कृषि आदान सामग्री, बीज, उर्वरक और कीटनाशकों की कृषकों को उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। वहीं अनुज्ञप्ति के नियम एवं शर्तों का उल्लंघन करने वाले फर्म पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी में कृषि विभाग की टीम ने कृषि उपज मंडी के सामने स्थित मेसर्स सुजल कृषि केन्द्र में दबिश दी। इस दौरान उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पांडे, बीज एवं कीटनाशी निरीक्षक द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र के धान बीज पाया गया।



#### कीटनाशक और बीज पाया गया

कृषि विभाग के निरीक्षण के दौरान किस्म जलमित्रा 250 किलोग्राम, रत्ना 30 किलो, किस्म 828 160 किलो, चिंटू 20 किलो, दीपरेखा 70 किलो ग्राम पाया गया। वहीं खरपतवारनाशक प्रिटिलाक्लोर 12 लीटर, बिसपायरीबेक सोडियम 10 प्रतिशत ईसी 3.9 लीटर, साथी 10 प्रतिशत डब्ल्यूपी 10 लीटर, एट्राजीन 50 प्रतिशत डब्ल्यूपी 10 लीटर, कीटनाशक व फफूंदनाशक क्लोरोपायरीफास 50 प्रतिशत + सायपरमेथ्रीन 5 प्रतिशत 8 लीटर, पेंडीमेथालीन 30 प्रतिशत ईसी 2 लीटर, क्लोरोपायरीफास 20 प्रतिशत ईसी 19 लीटर, लेम्बडासायहेलोथ्रीन 4.9 प्रतिशत 21 लीटर, बायोफेन्थीन 13 लीटर, हेक्जाकोनाजोल 11 लीटर, डाईमेथोएट 30 प्रतिशत ईसी 21 लीटर, एसीफेट 12.5 लीटर, कॉपर आक्सीक्लोरामाईट 50 प्रतिशत डब्ल्यूपी 17 लीटर, मेन्कोजेब 75 प्रतिशत डब्ल्यूपी 10 लीटर इत्यादि 14 प्रकार के कृषि औषधियों का विक्रय करना पाया गया।

#### विक्रय स्थल सील

इस मामले में बीज गुण नियंत्रण आदेश-1983 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा-3 एवं कीटनाशक अधिनियम 1968 एवं नियम 1971 की धारा-13 में निहित प्रावधानों के तहत अनियमितता पाए जाने पर विक्रय स्थल को सील करने की कार्रवाई की गई है। अवैध बीज और कीटनाशक रखने के मामले में कार्रवाई के दौरान कृषि विभाग के एसडीओ संतलाल देशलहरे, बीज एवं कीटनाशी निरीक्षक रमशीला गौरकर, ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी विरेन्द्र यादव उपस्थित रहे।




# सामूहिक योगासन में जुटे सैकड़ों लोग, योग से स्वस्थ रहने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शहर के दिग्विजय स्टेडियम में जिला स्तरीय योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अलावा स्कूली विद्यार्थी, प्रशासनिक अधिकारी, महिला समूह की महिलाएं, मितानिन बहनें और बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक शामिल हुए। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी ने सामूहिक योगासन करते योग से निरोग रहने का संदेश दिया।

जिला प्रशासन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगासन के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सुबह 6.30 बजे योग करने सैकड़ों की संख्या में लोग दिग्विजय स्टेडियम पहुंचे, जहां योग शिक्षकों द्वारा योग के कई आसन कराए गए। आयोजन में दुर्ग





विधायक गजेंद्र यादव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। वहीं इस अवसर पर पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, महापौर मधुसूदन यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण वैष्णव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि शामिल हुए।

### जीवन में योग को अपनाना जरूरी

छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल के अध्यक्ष नीलू शर्मा ने कहा कि हर व्यक्ति को अपने जीवन में योग को अपनाना चाहिए। योग से व्यक्ति स्वस्थ रहता है और मन को शांति भी मिलती है। वहीं कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने बताया कि इस जिला स्तरीय आयोजन में सभी ने सामूहिक योग किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की जो अपील योग करने को लेकर है, इसे हम सबको अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

### योग कर दिया संदेश

योग दिवस के इस आयोजन में भाजपा के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख, सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, पूर्व विधायक रामजी भारती और प्रशासनिक अधिकारियों में आईजी अभिषेक शांडिल्य, एसपी मोहित गर्ग, जिला पंचायत सीईओ सुरुचि सिंह, एसडीम खेमलाल वर्मा, एएसपी राहुल देव शर्मा सहित विभिन्न अधिकारियों ने सामूहिक योग में शामिल होकर योगासन किया।

### स्वस्थ तन से ही स्वस्थ मन की प्राप्ति

योग दिवस के आयोजन को लेकर विधायक गजेंद्र यादव ने बताया कि आज से लगभग 10 वर्ष पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल पर विश्व के 177 देशों ने इस योग दिवस को स्वीकारा। उन्होंने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए 21 जून साल का सबसे बड़ा दिन होने की वजह से हमारी उम्र योग से लंबी हो, इसलिए इस दिन को चुना गया। उन्होंने कहा कि तन स्वस्थ रहेगा तो मन स्वस्थ रहेगा, इसके लिए हम सभी को प्रतिदिन योग करना चाहिए।

### योग करने ली शपथ

एक पृथ्वी एक स्वास्थ्य के थीम पर आधारित इस योग दिवस के अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा योग शिक्षकों का सम्मान किया गया। इस दौरान सभी ने बेहतर स्वास्थ्य के लिए योग करने की शपथ ली। वहीं इस अवसर पर पर्यावरण जागरूकता का संदेश देते एक पेड़ मां के नाम का आयोजन भी किया गया। जिसमें उपस्थित अतिथियों ने स्टेडियम परिसर में वृक्षारोपण करते पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।


छ.ग. के सभी शासकीय ITI में प्रवेश हेतु रजिस्ट्रेशन
cgiti.admissions.nic.in
बी.एम. आई.टी.आई.
▸कोपा ▸इलेक्ट्रिशियन
▸हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸डीजल मैकेनिक
▸फायर टेक्नालॉजी
▸स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065
अंतिम तिथि-25/06/25


0 **राजनांदगांव।** माह के मध्यान्ह में मौसम में उतार चढ़ाव का दौर बना हुआ है। जिससे उमस भरी गर्मी का वातावरण निर्मित है। इधर दूसरी ओर क्षेत्र के किसानों को झमाझम बारिश का इंतजार बना हुआ है। बताया गया कि पर्याप्त बारिश न होने की स्थिति में किसानी कार्य पिछड़ गया है।

# बैठक में दो पूर्व विधायकों ने लगाया उपेक्षा का आरोप, महिला विधायक के साथ तकरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

हाल ही में संपन्न हुए कांग्रेस की जिला स्तरीय बैठक में एक बार फिर शीर्ष नेताओं के बीच जमकर विवाद देखने को मिला। कांग्रेस के दिग्गज नेताओं में शामिल पूर्व मंत्री धनेश पाटिला, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल और मौजूदा विधायक हर्षिता स्वामी बघेल के बीच जमकर जुबानी जंग देखने को मिली।



मामला इतना गर्मा हो गया था कि आला नेताओं को मामला शांत कराने के लिए हस्तक्षेप करना पड़ा। इस पूरे मामले की जानकारी प्रदेश संगठन को भी दे दी गई है। पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कांग्रेस कमेटी की जिला स्तरीय बैठक शुक्रवार को राजनांदगांव के सतनामी समाज के भवन में आयोजित की गई थी। इस बैठक में जिले के सभी आठ ब्लॉक से नेता पहुंचे थे। बैठक के दौरान ही पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने डोंगरगढ़ ब्लॉक कांग्रेस पर कार्यक्रम में नहीं बुलाए जाने, जानकारी नहीं देने के साथ ही उपेक्षा के आरोप लगाए। यह सवाल सुनते ही डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने उठकर जवाब देना शुरू कर दिया।

### सवालों में ब्लॉक कांग्रेस

पूर्व मंत्री धनेश पाटिला एवं पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल ने डोंगरगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजयराज सिंह चौहान पर आरोप लगाए कि पिछले कुछ महीनों में आयोजित किसी भी कार्यक्रम एवं आयोजन की जानकारी उन्हें नहीं दी जा रही है। दोनों ही नेताओं ने ब्लॉक कांग्रेस पर उपेक्षा करने की बात कही। जवाब ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष को देना था, लेकिन बीच में ही खड़े होकर विधायक श्रीमती हर्षिता स्वामी बघेल ने कहा कि आपका कार्यकाल भी हमने देखा है। आपके समय में भी हमें कोई महत्व नहीं दिया जाता था, अपनी मनमानी की जाती थी।

### वरिष्ठ नेताओं ने शांत कराया मामला

वरिष्ठ नेताओं से विधायक हर्षिता स्वामी बघेल का विवाद बढ़ता देख मौके पर उपस्थित पहले जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष भागवत साहू ने मामले को शांत कराने की कोशिश की। मामला शांत ना होता देख फिर वरिष्ठ नेता श्रीकिशन खंडेलवाल ने खड़े होकर कहा कि कांग्रेस के इतिहास में जिला स्तरीय बैठक में ऐसी बदतमीजी उन्होंने नहीं देखी। उन्होंने सभी को शांत कराकर मामले को खत्म किया।

# खेक्सी की खेती से लाखों की आमदनी, कलेक्टर ने सराहा



हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

विकासखंड के ग्राम गुमानपुर निवासी प्रगतिशील कृषक सजेलाल जंघेल ने राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना का लाभ लेकर खेक्सी (कंटोला) की खेती में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। सजेलाल द्वारा खेत में की गई नवाचारी खेती का अवलोकन करने कलेक्टर श्री इंद्रजीत चंद्रवाल ने उनके प्रक्षेत्र का दौरा किया। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेमकुमार पटेल, उद्यानिकी विभाग के सहायक संचालक रविन्द्र कुमार मेहरा उपस्थित थे। श्री मेहरा ने बताया कि राष्ट्रीय बागवानी मिशन योजना के तहत विलुप्त होती सब्जियों को पुनर्जीवित करने और किसानों को उच्च मूल्य की फसलें अपनाने के लिए खेक्सी की अग्रिम पंक्ति फसल प्रदर्शन कराया गया है।

कलेक्टर ने खेक्सी की उन्नत खेती देख प्रसन्नता जताई। उन्होंने किसान से खेती के तरीकों, लागत, उत्पादन और बाजार मूल्य की जानकारी लेते हुए अन्य किसानों को भी इस दिशा में प्रेरित करने की सलाह दी। विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि अधिक से अधिक किसानों को ऐसी योजनाओं से लाभांवित किया जाए। किसान सजेलाल जंघेल ने बताया कि उन्होंने एक एकड़ भूमि में खेक्सी की फसल ली, जिससे विगत वर्ष 20 क्विंटल से अधिक का उत्पादन हुआ। इस फसल की बाजार में भारी मांग है। शुरुआती दौर में इसकी बिक्री 200 रूपए प्रति किलो तक हुई। वहीं बाद में 100 रूपए प्रति किलो की दर से भी उन्होंने बिक्री की। कुल मिलाकर वर्ष भर में लगभग 3-4 लाख की आमदनी उन्होंने इस फसल से अर्जित की।

### अनुदान में मिला 4 लाख

उद्यानिकी विभाग ने उन्हें 4 लाख की अनुदान राशि प्रदान की है, जिससे वह खेत में संरचना और तकनीकी सहायता प्राप्त कर सके। खेक्सी पोषक तत्वों से भरपूर फसल है और इसे स्वास्थ्यवर्धक सब्जियों में गिना जाता है। कलेक्टर श्री चन्द्रवाल ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह मॉडल अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणास्रोत बन सकता है।

# खड़ी ट्रक में टकराया बाइक सवार घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ घुमका

फैक्ट्री से काम कर बाइक में सवार होकर घर लौट रहा व्यक्ति सड़क किनारे खड़ी ट्रक से जा टकराया। जिससे उसे गंभीर चोंटे आई है। घायल को उपचार हेतु चिकित्सालय में भर्ती किया गया है।

ग्राम पंचायत ऊपरवाह के करेलापारा में शुक्रवार रात्रि लगभग 8 बजे आइल निर्माण करने वाली कच्चा माल कार्बन से लदी ट्रक सड़क किनारे खड़ी थी, तभी पीछे से आ रहा इरईकला निवासी 50 वर्षीय तोपसिंह साहू पिता दशरथ साहू अपनी बाइक प्लेटिना सहित जा टकराया। खड़ी ट्रक में भीड़ जाने से बाइक सवार तोपसिंह का सिर के सामने हिस्सा में गंभीर चोंट लगा है। ग्रामीणों ने घुमका पुलिस को काल किया, तत्काल पुलिस वाहन 112 घटनास्थल पहुंचकर घायल व्यक्ति को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। प्राथमिक चिकित्सा उपरांत उसे जिला चिकित्सालय रिफर कर दी गई। यहां से डीके हॉस्पिटल रायपुर रिफर कर दिया गया है, जहां इलाज जारी है। परिजनों ने बताया कि तोपसिंह रसमड़ा के किसी फैक्ट्री में काम के बाद घर के लिए लौट रहा था। इधर विवेचना अधिकारी एएसआई केआर उइके ने कहा कि ट्रक को जब्त कर ली गई है। शनिवार को परिजनों ने पुलिस प्राथमिकी दर्ज कराई है, कार्रवाई की जा रही है।

भालूकोन्हा स्कूल का मामला

# शराब पीकर स्कूल आने वाला सहायक शिक्षक निलंबित

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



राजनांदगांव विकासखंड के भालूकोन्हा प्राथमिक शाला में पदस्थ एक शिक्षक को शराब पीकर स्कूल आने के चलते निलंबित कर दिया गया है। शिक्षक की शिकायत ग्रामीणों ने सुशासन तिहार के दौरान की थी, जिस पर ही कार्रवाई करते अब जिला शिक्षा अधिकारी ने निलंबन का आदेश जारी किया है। ज्ञात हो कि इसी स्कूल के दो अन्य शिक्षकों को भी एक महीने पहले निलंबित किया गया था।

मिली जानकारी के अनुसार भालूकोन्हा प्राथमिक शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक उमेश कुमार टंडन के खिलाफ सुशासन तिहार के दौरान ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराई थी। ग्रामीणों का आरोप था कि उक्त शिक्षक स्कूल के दौरान शराब पीकर आता है। ग्रामवासियों के साथ बुरा व्यवहार करता है। इसके साथ ही शिकायत करने पर शिकायतकर्ता के साथ गाली-गलौज करता है। ग्रामीणों की शिकायत के बाद ही जिला शिक्षा अधिकारी पीएस बघेल ने 19 जून को निलंबन का आदेश जारी किया है। इससे पहले स्कूल में पदस्थ अन्य शिक्षक प्रधानपाठक तोरण प्रसाद जांगड़े एवं शशिकांत पंचभावे को भी निलंबित किया गया था।

# चाकू की नोंक पर कराया 1 लाख ट्रांसफर

**डोंगरगढ़।** चाकू की नोट पर लूट की घटना सामने आई है। आरोपियों ने युवक से नगदी, सोने की चेन लूटा साथ ही जान से मारनें की धमकी देकर फोन पे से एक लाख पांच हजार रुपए ट्रांसफर भी करवाया। गुरूवार की रात कालका पारा निवासी असगर खान अपने एक साथी के साथ खैरागढ़ गया था। लौटने के दौरान डोंगरगढ़ से तीन किलोमीटर पहले बाथरूम करने रुके थे तभी दो युवक पहुंचें और चाकू टिका दिया। मारपीट करते हुए नगदी, सोने की चेन को उतरकर फोन पे से बैलेंस चेक कराया और उसे भी ट्रांसफर करा लिया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी भाग निकले। दोनों युवकों ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। उन्होंने थाना पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराया। ऑनलाइन ट्रांजक्शन के आधार पर पुलिस जांच में जुट गई है।

# चाकू लेकर डराने वाला गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

चाकू लहराकर आम लोगों को डराने-धमकाने के मामले की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी को गिरफ्तार किया। आरोपी से चाकू बरामद की गई है।



पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत असामजिक तत्वों के विरूद्ध चलाए जा रहे सतत अभियान के तहत 19 जून की रात्रि में पुलिस को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि छत्तीसगढ़ होटल के पास सार्वजनिक स्थान में धारदार चाकू लहराकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहे हैं। पुलिस के अनुसार क्षेत्र में शांति कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु गुंडा, बदमाश, असामाजिक तत्वों के विरूद्ध अभियान कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

### आरोपी से चाकू बरामद

सूचना पर तत्काल दबिश देकर मौके पर आरोपी धनेश्वर यादव 25 साल साकिन शीतला मंदिर रोड वार्ड नं. 5 चिखली को पकड़कर आरोपी के कब्जे से एक धारदार चाकू जब्त किया गया। आरोपी के विरूद्ध धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत वैधानिक कार्रवाई कर माननीय न्यायालय में पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।


अपने घर लेकर जाए
अपना मन पसंद जॉन डियर ट्रेक्टर
जिंदगी का बेस्ट डिसिजन!
JOHN DEERE
5405
4WD
TREM IV
जॉन डियर के सभी कृषि उपकरण उपलब्ध
वंदना ट्राली के अधिकृत विक्रेता
जॉनसन थ्रेसर एवं नीरज सीड ड्रिल उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता - जैन मोटर्स स्टेट हाईवे, कवर्धा रोड, खैरागढ़
ब्रांच- रायपुर नाका चौक, भारत साइकिल स्टोर बाजू में, राजनांदगांव 98279 53976 अंबागढ़ चौकी 8103024569 चिचोला गण्डई
संपर्क - 9977184777, 8120006476, 9406011166 सर्विस 8120006480, 8120001601


# अवैध बीज, कीटनाशक विक्रेता पर कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

मानसून की शुरूआत के साथ खरीफ 2025 में फसलों की बुआई भी प्रारंभ हो गई है। वहीं अधिक उत्पादन देने वाले किस्मों के बीजों की मांग भी बढ़ी हुई है। इसी बीच अवैध तरीके से बीज और कीटनाशक की बिक्री का मामला भी सामने आ रहा है, जिस पर कार्रवाई करते कृषि विभाग द्वारा कार्रवाई की जा रही है।

कृषि विभाग द्वारा शासन से निर्धारित मूल्य पर कृषि आदान सामग्री, बीज, उर्वरक और कीटनाशकों की कृषकों को उपलब्धता सुनिश्चित कराई जा रही है। वहीं अनुज्ञप्ति के नियम एवं शर्तों का उल्लंघन करने वाले फर्म पर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इसी कड़ी में कृषि विभाग की टीम ने कृषि उपज मंडी के सामने स्थित मेसर्स सुजल कृषि केन्द्र में दबिश दी। इस दौरान उप संचालक कृषि नागेश्वर लाल पांडे, बीज एवं कीटनाशी निरीक्षक द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। जिसमें बिना स्त्रोत प्रमाण पत्र के धान बीज पाया गया।



### विक्रय स्थल सील

इस मामले में बीज गुण नियंत्रण आदेश-1983 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम-1955 की धारा-3 एवं कीटनाशक अधिनियम 1968 एवं नियम 1971 की धारा-13 में निहित प्रावधानों के तहत अनियमितता पाए जाने पर विक्रय स्थल को सील करने की कार्रवाई की गई है। अवैध बीज और कीटनाशक रखने के मामले में कार्रवाई के दौरान कृषि विभाग के एसडीओ संतलाल देशलहरे, बीज एवं कीटनाशी निरीक्षक रमशीला गौरकर, ग्रामीण कृषि विकास अधिकारी विरेन्द्र यादव उपस्थित रहे।

### निरीक्षण के दौरान कीटनाशक और बीज पाया गया

कृषि विभाग के निरीक्षण के दौरान किस्म जलमित्रा 250 किलोग्राम, रत्ना 30 किलो, किस्म 828 160 किलो, चिंटू 20 किलो, दीपरेखा 70 किलो ग्राम पाया गया। वहीं खरपतवारनाशक प्रिटिलाक्लोर 12 लीटर, बिसपायरीबेक सोडियम 10 प्रतिशत ईसी 3.9 लीटर, साथी 10 प्रतिशत डब्ल्यूपी 10 लीटर, एट्राजीन 50 प्रतिशत डब्ल्यूपी 10 लीटर, कीटनाशक व फफूंदनाशक क्लोरोपायरीफास 50 प्रतिशत + सायपरमेथीन 5 प्रतिशत 8 लीटर, पेंडीमेथालीन 30 प्रतिशत ईसी 2 लीटर, क्लोरोपायरीफास 20 प्रतिशत ईसी 19 लीटर, लेम्बडासायहेलोथ्रीन 4.9 प्रतिशत 21 लीटर, बायोफेन्थीन 13 लीटर, हेक्जाकोनाजोल 11 लीटर, डाईमेथोएट 30 प्रतिशत ईसी 21 लीटर, एसीफेट 12.5 लीटर, कॉपर आक्सीक्लोरामाईट 50 प्रतिशत डब्ल्यूपी 17 लीटर, मेन्कोजेब 75 प्रतिशत डब्ल्यूपी 10 लीटर इत्यादि 14 प्रकार के कृषि औषधियों का विक्रय करना पाया गया।


समदा सुपरस्पेशलिटी अस्पताल
NABH मान्यता प्राप्त
दंत रोग विशेषज्ञ एवं सर्जन
डॉ. दीपिका जैन
बी.डी.एस., एम.डी.एस.
(आथोर्डोंटिक्स एवं डेन्टोफेशियल सर्जन)
एफ.सी.सी.डी. (मुंबई)
प्रतिदिन उपलब्ध
उपलब्ध सुविधाएं
सिंगल सिटिंग रूट केनाल ट्रीटमेंट
टेढ़े-मेढ़े एवं बाहर निकले दांतों का उपचार (मेटल/सिरेमिक ब्रेसेस द्वारा)
ब्लीचिंग द्वारा दांत सफेद करना
लेजर/दांत के रंग की फिलिंग
क्लीयर अलाईनर
दांत निकालना
अक्ल दाढ़ निकालना
फ्रैक्चर जबड़े का ईलाज
मुंह कम खुलने का उपचार
इम्प्लांट द्वारा फिक्सड दांत लगाना
सभी प्रकार के मुंह के कैंसर एवं छाले का उपचार
बत्तीसी (फिक्सड/निकालने एवं लगाने वाली)
पायरिया, दांतों की सफाई एवं मसूड़ों की सर्जरी
• डिजिटल एक्स-रे • एडवांस्ड डेंटल ऑपरेशन थिएटर
• डेंटल लेज़र, डेंटल इम्प्लांट • फेशियल ट्रामा केयर
अपॉईटमेंट : 07744-356654, 94255-29769
परामर्श समय :- सुबह 10 से शाम 7 बजे तक
बसंतपुर, महामाया चौक, VIP रोड राजनांदगांव (छ.ग.)



संजीवनी नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
हृदय रोग की सम्पूर्ण जाँच एवं चिकित्सा
डॉ. जाहिद के. खान
MBBS MD, DM, CARDIOLOGY (JJN MUMBAI)
सुविधाएं उपलब्ध ई.सी.जी., 2 डी इको, नवजात शिशु बाल रोग के 2डी इको, टी.एम.टी., होलटर
• सीने में भारीपन • धड़कन का कम या ज्यादा होना
• उच्च रक्तचाप, • चक्कर आकर बेहोशी • हार्ट अटैक
• ब्लड शुगर, • थायराइड • कोलेस्ट्रोल का बढ़ना • पैरों में सूजन,
• चलने पर सांस फूलना, • पेट पर सूजन, • दिल के वाल्व
• कंधों में जकड़न, खराब होना आदि रोगों का उपचार.
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### एंबीशन पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास व उमंग से मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**हरिभूमि पंडरिया।** एंबीशन पब्लिक स्कूल में 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र में विधिवत पूजा-अर्चना व सरस्वती वंदना से किया गया। योगाचार्य हलधर सिंह राजपूत ने 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर शाला स्टॉफ और स्कूल के छात्र छात्राओं ने विभिन्न आसन जैसे ताड़ासन, वृक्षासन, दंडासन, त्रिकोणासन, अर्ध कटी, चक्रासन, अर्द्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन शशांकासन, मंडूकासन, सूर्य नमस्कार, उत्तानपाद आसन, भुजंगासन सहित विभिन्न प्राणायाम ध्यान, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, नाड़ीशोधना, भ्रामरी प्राणायाम आदि आसनों को किया और योगासन का महत्व और लाभ बताया वहीं शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने सूर्य नमस्कार सहित विभिन्न आसन किया। इस अवसर पर प्राचार्य आरएन बेहरा सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र छात्राएं उपस्थित थें।

### कोलेगांव में अमृत सरोवर के तहत पौधरोपण कर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम पंचायत कोलेगांव सहित ग्राम अमली-मालगी, भटरूसे, मोतेसरा, कंझेटा, सोमनापुर, कोयलारी, सैहामालगी में शनिवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अमृत सरोवर 11वें वर्ष हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बताया गया कि योग करने से शरीर स्वस्थ रहता है, इसलिए योग सुबह-शाम व रोजाना करना चाहिए, योग करने छोटे से लेकर बड़े-बड़े बीमारी योग में ठीक हो रहा है, इसलिए योग रोजाना करना चाहिए। इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत कोलेगांव के गणमान्य नागरिक एवं रोजगार सचिव व ग्रामीणों द्वारा अमृत सरोवर तालाब किनारे पीपल व बरगद का पौधरोपण किया गया। इस दौरान डॉ तोमन शर्मा, सरपंच सुरेश ध्रुव, रोजगार सहायक सचिव रामेश्वर साहू, शैलेंद्र शर्मा, मुनीराम साहू व ग्रामवासी गण उपस्थित थे।

### गुरूकुल में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर किया गया उत्साहवर्धक योगासन



**हरिभूमि कवर्धा।** गुरूकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह पूर्वक प्रातः कालीन सभा में मनाया गया। कहा जाता है कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है, योग द्वारा ही शरीर स्वस्थ रहता है। नियमित योग का अत्यधिक महत्त्व होता है, योग अस्थमा, मधुमेह, रक्तचाप, गठिया, पाचन विकार और अन्य बीमारियों में चिकित्सा के एक सफल विकल्प है। सही तरीके से जीने का विज्ञान है योग। गुरूकुल में प्रातः कालीन सभा में क्रीडा शिक्षकों द्वारा सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, त्रिकोणासन, पवनमुक्तासन तथा प्राणायाम के अंतर्गत अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, कपालभाति विधिवत सम्पन्न कराया गया। शांति पाठ के साथ योग सत्र का समापन किया। इसमें शाला के शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित सभी कक्षा के छात्र-छात्राओं ने उत्साह पूर्वक सहभागिता निभाकर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की सार्थकता कायम किए है। क्रीडा विभाग के विभागाध्यक्ष ने योग के महत्व के विषय में सारगर्भित जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष एवं समस्त पदाधिकारीगण व प्रभारी प्राचार्य ने पूरे विद्यालयीन परिवार को उत्तम स्वास्थ्य की शुभकामनाएं प्रेषित की।

### शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला मक्के मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया



**हरिभूमि कवर्धा।** शासकीय प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक शाला मक्के में योग दिवस प्रतिवर्षानुसार की तरह इस वर्ष भी 21 जून को पूरी हर्षोउल्लास के साथ भारत सहित सभी देशों में धूमधाम से अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। विद्यार्थियों को बताया गया है योग शारीरिक, मानसिक व स्वास्थ्य प्रदान करता है, इसलिए दैनिक जीवन में योग को सम्मिलित करना है। विश्व योग दिवस 21 जून को ही इसलिए मनाया जाता है, क्योकि यह दिन उत्तरी गोलार्द्ध में वर्ष का सबसे लंबा दिन है और योग भी मनुष्य को दीर्घायु बनाता है। इस योग कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच कार्तिक साहू, सचिव प्रेमप्रकाश पाण्डेय, पंचगण, रोजगार सहायक जितेन्द्र साहू व पालक गण तथा शासकीय प्राथमिक शाला प्रधान पाठिक श्रीमती एलवीना विलसन, कपूरराम चंद्रवंशी, शिक्षक कौशल खांडे, युगल किशोर साहू, श्रीमती भानुप्रिया साहू एवं छात्र छात्राएं सम्मालित हुए।

### योग: अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास में शामिल हुईं भावना बोहरा

# योग भारतीय संस्कृति का अमूल्य उपहार है, जो स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहा है: विधायक

हरिभूमि न्यूज ▶▶पंडरिया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल से पूरे विश्व में 21 जून को 11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाया गया। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद पंडरिया द्वारा सामुदायिक भवन परिषर पंडरिया में योग फॉर-वन अर्थ वन वन हेल्थ सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम के आयोजन में पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा शामिल हुई और नगरवासियों के साथ योगाभ्यास किया। इस दौरान श्रीमती भावना बोहरा व सभी जनप्रतिनिधियों ने नगर पालिका परिषर में पौधरोपण किया।

विधायक भावना ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई देते हुए कहा कि हम सभी को भी भारत की प्राचीन सभ्यता को आगे बढ़ाने मे अपनी भूमिका निभाएं और इस परंपरा को आत्मसात कर एक स्वस्थ जीवनशैली की ओर बढ़ते हुए स्वस्थ भारत का निर्माण करें तभी यह दिन सार्थक होगा। योग केवल हमें शारीरिक ही नहीं बल्कि बौद्धिक एवं मानसिक रूप से भी मजबूत बनाता है। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत का वह अमूल्य धन है जिसके माध्यम से करोड़ों लोग एक स्वस्थ एवं बेहतर जीवनशैली से जुड़ रहें हैं। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से आज पूरा विश्व भारतीय संस्कृति के इस विरासत को अपनाकर स्वस्थ जीवन का अनुभव कर रहें हैं। इस वर्ष योग फॉर-वन अर्थ वन वन हेल्थ के उद्देश्य के साथ अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर योग दिवस सामान्य जा रहा है। इसका उद्देश्य हमें अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग व जागरूक बनने के साथ ही हमारी प्रकृति और पर्यावरण की सुरक्षा व संरक्षण के लिए भी प्रेरित करता है। जिस प्रकार हम अपने स्वास्थ्य की चिंता करते हैं, उसी प्रकार हमें अपने पर्यावरण व अपने आस-पास में स्वच्छता बनाए रखने का संदेश देता है, जिससे हम अपनी पृथ्वी को भी स्वस्थ बनाएं और आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ समाज के साथ ही स्वस्थ पर्यावरण की सौंगात भी दे सकें। इस अवसर पर नगर पालिका पंडरिया अध्यक्ष श्रीमती मंजुला देवी कुर्रे, उपाध्यक्ष सुमित तिवारी, जनपद पंचायत पंडरिया अध्यक्ष नंदिनी साहू, उपाध्यक्ष छत्रकिशोर तिवारी, पार्षद व जनपद सदस्य, जनप्रतिनिधि, नगर के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थें।

### योगाभ्यास तनाव को दूर और मानसिक शांति प्रदान करता है: श्रीमती बोहरा



विधायक श्रीमती बोहरा ने कहा कि यह हम सभी भारतीयों के लिए एक गौरवशाली दिन है कि भारतीय सभ्यता का आज पूरे विश्व मे प्रसार हो रहा है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस हमें बताता है कि योग हमारे शरीर के लिए जरूरी है। योगाभ्यास तनाव को दूर करता है और मानसिक शांति प्रदान करता है, यह रोगों से लड़ने की क्षमता बढ़ाता है और एक स्वस्थ जीवन जीने की राह दिखाता है। नियमित योग करने से न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक स्वास्थ्य भी बेहतर होता है। योग केवल एक व्यायाम नहीं, बल्कि हमारे शरीर, मन और आत्मा को संतुलित करने का तरीका है। यह हमें स्वस्थ, तनावमुक्त और ऊर्जावान बनाता है। आजकल की भागदौड़ भरी जिंदगी में योग मानसिक शांति और स्वास्थ्य के लिए वरदान है। इस साल की थीम है कि एक पृथ्वी, एक स्वास्थ्य के लिए योग, यानि खुद के साथ समाज को भी स्वस्थ बनाना है। हमें योग को सिर्फ एक दिन नहीं, बल्कि हर दिन की आदत बनाना चाहिए।

# यात्री प्रतीक्षालय के अभाव में राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लेकर कवर्धा-बिलासपुर-जबलपुर सड़क किनारे यात्रियों के ठहरने की (स्टॉपेज) यात्री प्रतीक्षालय नहीं होने के कारण ग्रामीणों राहगीरों को भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि ग्रामीण यात्रियों के लिए ठहरने की यात्री प्रतीक्षालय के अभाव में यात्री गण बस, ऑटों व अन्य सवारी गाड़ियों की प्रतीक्षा के लिए सड़क किनारे खड़े होने मजबूर है। क्षेत्र के ग्रामीण राहगीर कड़ी धूप व उमस भरी गर्मी से पसीना बहा रहे है वहीं दूसरे ओर है। जिस पर ग्रामीणों ने क्षेत्र के जिम्मेदारों व जनप्रतिनिधियों को इस ओर ध्यान देने तथा बरसात तथा गर्मी से बचने के लिए यात्री प्रतिक्षालय निर्माण कार्य की मांग की गई ताकि ग्रामीण राहगीरों को सुविधा मिल सके।




बरसात के दिनों में यात्री प्रतीक्षालय के अभाव में बारिश से परेशान हो रहे

### छात्र छात्राओं को उठानी पड़ रही भारी दिक्कते

क्षेत्र में यात्री प्रतिक्षालय के अभाव में खासकर स्कूली छात्र छात्राओं को बरसात व गर्मी में भारी दिक्कतों व परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यात्री प्रतिक्षालय के अभाव में स्कूली बच्चे और ग्रामीण बुजुर्गों यात्रियों की परेशानी और बढ़ गई है।



# अशोका पब्लिक स्कूल में भव्य अंतर्राष्ट्रीय योग कार्यक्रम आयोजित

- शिक्षकों व विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

हरिभूमि न्यूज ▶▶कवर्धा

शनिवार को पूरे देश में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बड़े ही उत्साह व उल्लास के साथ मनाया गया। अशोका पब्लिक स्कूल कवर्धा में भी इस अवसर पर एक भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों, शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 9 बजे सूर्य नमस्कार से हुई, जिसके पश्चात योग प्रशिक्षकों द्वारा विभिन्न योगासन जैसे ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, त्रिकोणासन, प्राणायाम आदि का अभ्यास कराया गया। सभी प्रतिभागियों ने पूरी श्रद्धा और अनुशासन के साथ योगाभ्यास किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में योग प्रशिक्षक पंतजलि हरिद्वार से ओंकार राजपूत, रवि राजपूत, खोमेश राजपूत उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में योग के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक जीवन शैली है, जो मानसिक और शारीरिक दोनों प्रकार के स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय के निर्देशक पवन देवांगन ने प्रशासन, शिक्षकों और छात्राओं की अहम भूमिका के शुभकामनाएं दी एवं योग को प्रतिदिन अपने दिनचर्या में आत्मसात करने हेतु प्रेरित किए। वही विद्यालय के प्राचार्य लोकनाथ देवांगन ने कहा कि योग दिवस के इस आयोजन से न केवल योग के प्रति लोगों की रुचि बढ़ाई, बल्कि उन्हें एक स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने के लिए प्रेरित भी किया। यह कहना गलत न होगा कि इस वर्ष का योग दिवस न केवल सफल रहा, बल्कि समाज में स्वास्थ्य के प्रति एक सकारात्मक संदेश भी छोड़ गया।

योग दिवस का यह आयोजन बेहद सफल और प्रेरणादायक रहा। ऐसे आयोजनों से हम अपनी प्राचीन परंपराओं को पुनर्जीवित कर सकते हैं और आने वाली पीढ़ियों को स्वस्थ जीवन का मार्ग दिखा सकते हैं। हमारा विद्यालय सदैव इस प्रकार के कार्यक्रम का सफल आयोजन करता आया हैं, जिससे बच्चों में सर्वांगीण विकास हो जो जनकल्याण से प्रेरित हो। इस अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस में स्कूल के संचालक पवन देवांगन, श्रीमती सारिका देवांगन, प्राचार्य लोकनाथ, एडमिन सागर नामदेव सहित समस्त टीचिंग एवं नॉन टीचिंग स्टॉफ तथा छात्र-छात्राएं उपस्थित थें।

# भाजपा मंडल दुल्लापुर द्वारा योग दिवस का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोदवा-गोड़ान

11वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर दुल्लापुर बाजार स्थित सरस्वती शिशु मंदिर परिषर में सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से उपस्थित भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य गोपाल साहू ने अपने संक्षिप्त उद्बोधन में कहा कि योग एक ऐसा माध्यम है, जो शारीरिक स्वास्थ्य, मानसिक शांति और आध्यात्मिक उन्नति प्रदान करता है। यह न केवल तनाव को कम करता है, बल्कि जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार भी करता है। हम सभी को चाहिए कि अपनी दिनचर्या में योग को अनिवार्य बनाते हुए स्वस्थ और सुखमय जीवन की ओर अग्रसर हों। कार्यक्रम में दुल्लापुर मंडल के कार्यक्रम प्रभारी व पंडरिया के वरिष्ठ भाजपा नेता ठाकुर कल्याण सिंह, छत्तीसगढ किसान संघ प्रमुख उत्तर यादव, मंडल अध्यक्ष फलित साहू, महामंत्री स्वतंत्र तिवारी, महेश यादव, सोसायटी अध्यक्ष राजकुमार यादव, मंडल उपाध्यक्ष संतोष साहू, पूर्व अध्यक्ष सुखदेव धुर्वे के अलावा शिशु मंदिर के आचार्य व विद्यार्थियों ने योग प्रशिक्षक भागवत चंद्राकर के मार्गदर्शन में सफल योगाभ्यास किया।

### योग गुरु लेखू चंद्रवंशी के सानिध्य में स्वामी करपात्री जी विद्यालय में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया




**हरिभूमि कवर्धा।** प्रतिवर्षानुसार की भांति इस वर्ष भी अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून को राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्वामी करपात्री जी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कवर्धा में योगासन, प्राणायाम करके योग दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डीएस जोशी के मार्गदर्शन, कार्यक्रम अधिकारी वजनराम साहू के संचालन और योग गुरु लेखू चंद्रवंशी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा अर्चना और सरस्वती वंदना से हुई, शाला स्टॉफ के सभी सदस्यों और स्कूल के छात्र छात्राओं ने विभिन्न आसन जैसे ताड़ासन, वृक्षासन, दंडासन, त्रिकोणासन, अर्ध कटी, चक्रासन, अर्द्ध उष्ट्रासन, उष्ट्रासन शशांकासन, मंडूकासन, सूर्य नमस्कार, उत्तानपाद आसन, भुजंगासन सहित विभिन्न प्राणायाम ध्यान, कपालभाति, अनुलोम-विलोम, नाड़ीशोधना, भ्रामरी प्राणायाम आदि आसनों को किया और उनके लाभ और सही तरीका के बारे में जाना। योग सत्र के दौरान योग गुरु ने यह भी बताया कि किस तरह हम स्वस्थ और दीर्घायु जीवन जी सकते हैं। जीवन में यदि हम प्रतिदिन 1 घंटा सही तरीके से योग व्यायाम और प्राणायाम करें तो माइग्रेन, मोटापा, बीपी-शुगर, कमर व जोड़ों के दर्द, एसिडिटी, पाचन से संबंधित समस्याओं से आजीवन बचे रह सकते हैं। साथ ही एक और बात बताई कि यदि हम खान पान में सावधानी बरतें भोजन सुबह 8बजे के बाद ही लें और शाम को 6 बजे के पहले ही लें तो बीमारियों से दूर रहेंगे। सबने संकल्प लिया कि प्रतिदिन योग करेंगे साथ ही योग के प्रति जागरूकता के लिए करो योग, रहो निरोग के नारा से जन जागरूक किया। वहीं योग गुरु लेखु चंद्रवंशी कवर्धा सुधा वाटिका में प्रतिदिन सुबह 5:30 से 2 घंटे का योग प्राणायाम सत्र लेते हैं और यह निःशुल्क सेवा लगातार विगत 13 वर्षो से जारी है। कार्यक्रम में विद्यालय के शाला के शिक्षक शिक्षिकाएं संजय दुबे, प्रसन्न गुप्ता, ओंकार गुप्ता, बीआर लहरें, परमजीत कौर, आस्था तिवारी, आशीष बाटवे, जलेश वर्मा, सरिता चंद्रवंशी एनसीसी अधिकारी धनेश्वर सिंह राजपूत और छात्र छात्राएं उपस्थित थें, कार्यक्रम के समापन पर व्याख्याता जेके सिंह ने आभार व्यक्त किया।

### करो योग-बनो निरोग, योगाभ्यास कर क्षेत्रवासियों को किया जन-जागरूक

# दैनिक जीवन में योग का अनुकूल प्रभाव पड़ता है: मोतीराम चंद्रवंशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶पिपरिया

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को नगर पंचायत पिपरिया स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर सर्व समाज मांगलिक भवन वार्ड क्रं. 15 में योग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व संसदीय सचिव-विधायक पंडरिया मोतीराम चंद्रवंशी की उपस्थिति में संपन्न हुआ। योग कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के साथ उपस्थित जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों के साथ मां भारती के तैल चित्र में माल्यार्पण कर किया गया।

मोतीराम चंद्रवंशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे दैनिक जीवन में योग का अनुकूल प्रभाव पड़ता है। अनेकों रोगों से राहत मिलती है, योग हमारे लिए अधिक उपयुक्त है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व के समक्ष योग को अंतर्राष्ट्रीय योग घोषित कराने पुरजोर कोशिश की, जिसके फलस्वरूप 21 जून 2014 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर पंचायत पिपरिया अध्यक्ष घुरूवाराम साहू ने कहा कि करो योग-बनो निरोग, हर मानव योग को अपने दैनिक जीवन में सम्मिलित करें, जिससे हर इंसान के जीवन में खुशहाली आए, स्वस्थ रहें-मस्त रहें। किसी बीमारी का शिकार न बन सके, आज योग से भी ला-ईलाज बीमारियों का ईलाज होने लगें हैं। वहीं नगर पंचायत उपाध्यक्ष शिवचरण पटेल के अपनी बात रखते हुए कहा कि हमारे देश में योग दिवस को 21 जून 2014 को मुर्तरूप दिया गया, जो आज भी संपूर्ण उमंग-उत्साह से निरंतर मनाया जा रहा है। आज योग दिवस अपने 11वें वर्ष में प्रवेश किया है। योग हमारे भारतवर्ष की देन है, जो आज संपूर्ण विश्व में अंतर्राष्ट्रीय योग के रूप में अत्यंत हर्षोल्लास से साथ मनाया जा रहा है। उक्त कार्यक्रम में प्रकाश चंद्रवंशी, लोकेश साहू, सुनील साहू, सोम पटेल, राजेन्द्र गुप्ता, कमलकांत नाविक, चित्रबाहू देवांगन, लक्ष्मी नारायण सतनामी, प्रेमलाल साहू, शत्रुहन साहू, दुर्गेश साहू साथ ही राजेन्द्र नाविक, नंदा पाटिला, रविंद्र देवांगन, नरेश साहू, समस्त जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिक गण उपस्थित थे।



**न्यायालय तहसीलदार तहसील पिपरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईश्तहार//**

रा.प्र. ईकोर्ट क्रं. 202505081500059 अ- 6
वर्ष 2024-25
ग्राम ऑछी प.ह.नं.- 11

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण रामसिंह, विजय कुमार पिता शंकर जाति कुर्मी निवासी ग्राम ऑछी तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम द्वारा सन् 1993 में क्रय की गई भूमि का नामांतरण कराने हेतु आवेदन ऑनलाईन दर्ज कराया गया है। उक्त आवेदन के निराकरण अधिक समय बीत जाने एवं वाद भूमि के विक्रेता की मृत्यु होने से उक्त प्रकरण में उभय पक्षों के सुनवाई पश्चात निराकरण की आवश्यकता होने पर प्रकरण ईकोर्ट में दर्ज किया गया है। ग्राम ऑछी प.ह.नं. 11 रा.नि.मं. मरका तहसील पिपरिया में स्थित भूमि ख.न. 284/5 रकबा 0.040 हे. भूमि को भागीरती पिता थानूराम साकिन ऑछी तहसील पिपरिया के पास से दिनांक 29.04.1993 में पंजीकृत बयनामा के माध्यम से क्रय किया गया है। उक्त भूमि को क्रेतागण रामसिंह, विजयकुमार पिता शंकर जाति कुर्मी साकिन ऑछी तहसील पिपरिया जिला कबीरधाम के नाम पर नामांतरण कराना चाहते हैं।

अतः उक्त भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर मेरे समक्ष लिखित रूप से पेशी तारीख तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि 25/06/2025 के पश्चात के दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 16/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायलीन की मुहर से जारी किया गया।
जारी दिनांकः- 16/06/2025
पेशी दिनांक :- 25/06/2025

मुहर

तहसीलदार
पिपरिया

## खबर संक्षेप

### मवेशियों की करंट से मौत 6 के खिलाफ अपराध दर्ज

**कवर्धा।** सिंघनपुरी थाना क्षेत्र के नंगारा डोंगरी जंगल में जंगली जानवरों का शिकार करने करंट लगे तार के संपर्क में आने से दो भैंसों की मौत हो गई। पीड़ित मवेशी मालिक की शिकायत पर पुलिस ने 6 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। पुलिस के अनुसार, घटना 8 जून की है। नंगारा डोंगरी जंगल में जंगली जानवरों का शिकार करने बिजली का तार बिछाया गया था। खेत के बोर लाइन के खंभे से लोहे की तार में हुकिंग कर कनेक्शन लिया गया था। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने मृत भैंसों का पोस्टमार्टम कराया। पीएम रिपोर्ट में करंट से मौत होने की पुष्टि हुई है। इस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

# पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने तेंदूपत्ता संग्राहक महिलाओं के पैर पखार कर अपने हाथों से पहनाई चरण पादुका

- मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन में मोदी की गारंटी हो रही पूरी : भावना बोहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज जशपुर जिले के तपकरा में प्रदेशव्यापी चरण पादुका योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर ग्राम पोलमी में पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाली हितग्राही महिलाओं के पैर पखार कर अपने हाथों से उन्हें चरण पादुका पहनाकर बधाई व शुभकामनाएं दी।

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने इस योजना के शुभारंभ के लिए माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण, सुरक्षा और सम्मान के लिए डबल इंजन भाजपा सरकार प्रतिबद्धता से कार्य कर रही है। जंगलों में जाकर तेंदूपत्ता संग्रहण करने वाली माताओं-बहनों के चरणों की सुरक्षा के लिए आज चरण पादुका योजना की शुरुआत कर मोदी की एक और गारंटी को पूरा किया है। इसके पूर्व तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपये प्रति मानक बोरा की दर से तेंदूपत्ता खरीदी का वादा किया था और उसे पूरा किया। उन्होंने आगे पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के नेतृत्व में वर्ष 2005 में इस भागीरथी योजना की शुरुआत की गई थी। भारत के प्रधानमंत्री ने भी 14 अप्रैल 2018 को बीजापुर में इस योजना के तहत लाभार्थी महिला को स्वयं अपने हाथों से चरण पादुका पहनाकर उन प्रति सम्मान व्यक्त किया था।

लेकिन पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने इस योजना पर रोक लगाकर तेंदूपत्ता संग्राहकों एवं माताओं-बहनों को उनके अधिकारों से वंचित रखा। लेकिन आज प्रदेश में सुशासन की डबल इंजन भाजपा सरकार ने उनकी पीड़ा को देखा,महसूस किया और सभी माताओं-बहनों और तेंदूपत्ता संग्राहकों को उनका अधिकार दिलाया है।

उन सभी का हमारे प्रदेश की आर्थिक प्रगति में भी उनका बहुमूल्य योगदान है जिसके प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री ने आज इस योजना की शुरुआत करते हुए 40 करोड़ रुपए की सौगात दी है जिससे 12 लाख 40 हजार तेंदूपत्ता का संग्रहण करने वाली महिलाओं को लाभ मिलेगा।



**पूरी हो रही मोदी की गारंटी**



भावना बोहरा ने कहा आज मोदी की गारंटी में किये अपने संकल्पों को पूरा कर रही है जिससे प्रत्येक व्यक्ति के जीवन मे सकारात्मक परिवर्तन व प्रदेश के हर गांव-शहर में विकास स्पष्ट दिखाई दे रहा है। हमारे वनांचल क्षेत्रों के विकास और जनजातीय समुदाय के लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए जिस प्रकार हमारी सरकार निरन्तर प्रयास कर रही है उसके सकारात्मक परिवर्तन आया है। किसानों को दो साल का बकाया बोनस,3100 प्रति एकड़ 21 क्विंटल की दर से धान खरीदी हो रही है, आज गांव-गांव में पक्की सड़कों का निर्माण हो रहा है, जल जीवन मिशन से शुद्ध पानी पहुंच रहा है, पर्याप्त बिजली की आपूर्ति से हर गांव रोशन हो रहा है, महतारी वंदन योजना से महिलाएं सशक्त हो रही हैं, पक्के आवास मिल रहें हैं, भूमिहीन किसानों को आर्थिक सहायता मिल रही है, योजनाओं का जमीनी स्तर पर क्रियान्वयन और प्रत्यक्ष रूप से लाभ आम जनता को मिल रहा है, ये सभी विष्णु के सुशासन एवं मोदी की गारंटी में डबल इंजन सरकार के नेतृत्व में ही सार्थक हो रहें हैं।

**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस : योग संगम एवं हरित योग थीम के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया**

# कवर्धा में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा सहित हजारों लोगों ने किया योग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार को कबीरधाम जिले में विशेष उत्साह और श्रद्धा के साथ योग संगम और हरित योग थीम पर जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कवर्धा के पीजी कॉलेज डोम परिसर में आयोजित इस भव्य कार्यक्रम में प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया और हजारों की संख्या में उपस्थित नागरिकों, विद्यार्थियों तथा जनप्रतिनिधियों के साथ सामूहिक योगाभ्यास कर सभी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ने योग से निरोग रहते हुए नियमित योगाभ्यास, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ और नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि योग भारत की अमूल्य प्राचीन परंपरा है, जो आज संपूर्ण विश्व में स्वीकार की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से आज योग को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिली रही है, और प्रत्येक वर्ष 21 जून को विश्वभर में योग दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। उन्होंने योग को जीवन का हिस्सा बनाकर मानसिक शांति, आत्मबल और सकारात्मकता को बढ़ावा देने की अपील की। इससे पहले उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा सहित मुख्य अतिथियो ने दीप प्रज्वलित कर योग अभ्यास आयोजन का विधिवत शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चन्द्रवंशी, जिला पंचायत सभापति राम कुमार भट्ट, जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुषमा बघेल, उपाध्यक्ष गणेश तिवारी, कलेक्टर गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओ अजय त्रिपाठी, पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह छवई, डीएफओ निखिल अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, समाजसेवी, शिक्षाविद एवं नागरिक शामिल हुए।

**योगाभ्यास का मार्गदर्शन विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा**



कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनसमूह को पतंजलि योग पीठ के जिला प्रशिक्षक सुरेश चन्द्रवंशी के नेतृत्व में योगाभ्यास कराया गया। उनके साथ आयुर्वेद विभाग के अनुभवी योग प्रशिक्षकों ने भी विभिन्न योगासनों और प्राणायाम की तकनीकों का अभ्यास करवाया। प्रशिक्षकों ने सरल और प्रभावशाली तरीके से सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन, अनुलोम-विलोम, कपालभाति आदि का अभ्यास कराया और इनके लाभों की जानकारी भी दी।

### हरित योग के माध्यम से पर्यावरण का दिया गया संदेश

कार्यक्रम में योग संगम एवं हरित योग थीम के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण पर विशेष बल दिया गया। योग सत्र के उपरांत सभी प्रतिभागियों को पौधारोपण का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न प्रजातियों के पौधे भी वितरित किए गए। आयोजकों द्वारा यह संदेश दिया गया कि स्वस्थ शरीर के साथ-साथ स्वस्थ पर्यावरण भी आवश्यक है और योग दिवस पर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लेना आज की आवश्यकता है।

### जानकारीपरक प्रदर्शनी और जनजागरूकता सामग्री का वितरण

कार्यक्रम स्थल पर स्वास्थ्य, योग, आयुर्वेद और स्वच्छता से संबंधित प्रदर्शनी लगाई गई थी, जिसे नागरिकों और छात्र-छात्राओं ने गहरी रुचि से देखा। इसके अलावा आयुर्वेद एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा योग संबंधी पुस्तिकाएं और ब्रोशर भी वितरित किए गए, ताकि लोग योग को समझें और नियमित रूप से अभ्यास में लाएं।



# खाद, बीज की भारी किल्लत सड़क पर उतरे किसान

## स.लोहारा से लेकर पंडरिया क्षेत्र में किसानो का धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

मानसून की आहट के साथ ही जिलेभर में किसानो ने खेती किसानी का काम शुरू कर दिया है और अब वे धान, सोयाबीन जैसी फसलों की बोआई की तैयारियों में जुट गए है।

लेकिन किसानो की माने तो उन्हें जिले की सेवा सहकारी समितियों में खाद, बीज नहीं मिल रहा है और किसान लगातार समितियों के चक्कर काट रहे हैं। जिससे किसानो को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं लगातार की मांग के बाद भी सेवा सहकारी समितियों में शासन द्वारा किसानो के लिए उपयोगी डीएपी खाद और बीज का पर्याप्त भण्डारण नहीं किए जाने से अब किसानो के सब्र का बांध भी फूटते दिखाई दे रहा है। इसकी एक बानगी शनिवार को जिले की रेंगाखार तहसील अंतर्गत ग्राम आदिम जाति सेवा सहकारी समिति जुनवानी जंगल में भी देखने को मिली। बताया जाता है कि यहां बीते कई दिनो से अंचल के किसान डीएपी खाद और बीज के लिए चक्कर काट रहे हैं लेकिन समिति में खाद बीज नहीं होने के कारण किसानो को बैरंग ही लौटना पड़ रहा था।

बताया जाता है कि शनिवार को भी बड़ी संख्या में क्षेत्र के किसान समिति में खाद, बीज लेने पहुंचे थे लेकिन हर बार की तरह आज भी उन्हें समिति प्रबंधन से रटा रटाया जवाब मिली की खाद और बीज नहीं है। जिससे किसानो का गुस्सा भड़क गया और मौके पर मौजूद बड़ी संख्या में किसान रेंगाखार कला से स. लोहारा मार्ग में स्थित तेलीटोला के बाजार चौक में धरना प्रदर्शन करने लगे। जिसकी जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस व जिला प्रशासन ने किसानो को समझाईश दी और धरना प्रदर्शन शांत कराया। किसानो ने इस पूरी अव्यवस्था पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि सत्ता रूढ़दल भाजपा सरकार ने सेवा सहकारी समितियों में किसानो की समस्याओं के निराकरण के लिए अध्यक्ष तथा सदस्यों को मनोनित किया है।

लेकिन आज जुनवानी जंगल के करीब 1500 किसान खाद, बीज की किल्लत से जूझ रहे हैं। बोआई सिर पर है लेकिन किसानो के पास न तो खाद है और न बीज है और वे धरना प्रदर्शन करने मजबूर हो रहे हैं। लेकिन दुर्भाग्य का विषय है कि इस की चिंता न तो समिति के अध्यक्ष को है न सदस्यों को और न ही क्षेत्र के सत्ताधारी जनप्रतिनिधियों को। किसानो ने शासन-प्रशासन से जल्द से जल्द समिति में पर्याप्त मात्रा में खाद बीज उपलब्ध कराए जाने की मांग स्थानीय प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर कलेक्टर से की है। बताया जाता है कि यही स्थिति क्षेत्र की धानीखुंटा सहित जिले की अन्य समितियों का भी जहां किसान खाद, बीज के लिए चक्कर काट रहे हैं लेकिन उन्हें खाद, बीज नहीं मिल पा रहा है और न ही उन्हें इस संबंध में कोई संतोषजनक जवाब ही दिया जा रहा है।

### पंडरिया में भारतीय किसान संघ ने किया चक्का जाम

जिले के विधानसभा मुख्यालय पंडरिया में भी खाद को लेकर भारतीय किसान संघ के पदाधिकारियों ने किसानो के साथ कवर्धा-पंडरिया मार्ग में चक्काजाम कर दिया। संघ का आरोप है कि सेवा सहकारी समितियों से किसानो को यूरिया, डीएपी खाद नहीं मिल रही है। बीते दिनो संघ ने प्रशासन को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा गया था और आज खाद उपलब्ध कराने कहा गया था लेकिन खाद उपलब्ध नहीं होने के कारण आज क्षेत्र की अधिकांश समितियां बंद रखी गई।

### समितियों से खाद और बीज गायबः चोवाराम

जिले की सेवा सहकारी समितियों में खाद, बीज की भारी किल्लत और किसानो की समस्याओं पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए क्षेत्र के युवा कृषक चोवाराम साहू ने सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार किसानो को समय पर खाद, बीज उपलब्ध कराने में नकाम साबित हो रही है। उन्होने बताया कि यह स्थिति कमीशनखोरी के चलते निर्मित हुई है। उन्होने कहा कि आज जिले के बाजार में प्रचुर मात्रा में डीएपी खाद और बीज उपलब्ध है। जिसे दुकानदार 1700 से 2000 रूपए प्रति बोरी में खुलेआम बेंच रहे हैं। लेकिन सेवा सहकारी समितियों में 1350 रूपए प्रति बोरी मिलने वाली डीएपी खाद और बीज सेवा सहकारी समितियों से गायब है। उन्होने कहा कि यह बोआई का समय है और इस समय किसानो को सबसे ज्यादा डीएपी खाद तथा बीज की जरूरत है लेकिन वही खाद और बीज समितियों से गायब है। ऐसे में गरीब किसान कर्जा लेकर खुले बाजार से मंहगे दामो में खाद और बीज लेने मजबूर है। उन्होने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार सेवा सहकारी समितियों के माध्यम से किसानो को खाद और बीज उपलब्ध करा पाने में पूरी तरह से फेल नजर आ रही है।

# छिरहा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन शिक्षकों व विद्यार्थियों ने किया योग व प्राणायाम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर योग और प्राणायाम किया, जिससे पूरे परिसर में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को योग के महत्व से अवगत कराना था। संस्था के प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी ने योग के विभिन्न पहलुओं और उसके दैनिक जीवन में पड़ने वाले सकारात्मक प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए ही नहीं, बल्कि मानसिक शांति और एकाग्रता के लिए भी अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान शिक्षकों व विद्यार्थियों ने योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में सफल रहा, बल्कि इसने विद्यार्थियों को एक अनुशासित जीवन शैली अपनाने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. रमेश चन्द्रवंशी शिक्षिकाएं कल्पना मरावी, वीणाक्षी नामदेव, रंजीता माहेश्वरी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# प्रयास आवासीय विद्यालयों में कक्षा 9वीं प्रवेश के लिए वर्गवार मेरिट एवं काउंसिलिंग तिथि जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

प्रयास आवासीय विद्यालयों के सत्र 2025-26 की कक्षा 9वीं में स्वीकृत सीट अनुसार विभागीय पोर्टल पर वर्गवार मेरिट सूची तथा प्रतीक्षा सूची जारी किया गया था, जिसमें आंशिक संशोधन करते हुए संशोधित चयन सूची एवं संशोधित प्रतीक्षा सूची जारी कर पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है। मेरिट सूची में दर्शित विद्यार्थी निर्धारित तिथि एवं समय में अनिवार्य दस्तावेज सहित उपस्थित होने के लिए काउंसलिंग की तिथि एवं समय जारी किया गया है। जिसके अनुसार अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रुप से कमजोर जनजाति समूह के बालक 23 जून को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक, अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रुप से कमजोर जनजाति समूह के बालिका के लिए 24 जून को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक, अनुसूचित जाति बालक-बालिका के लिए 25 जून को को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक, अन्य पिछडा वर्ग बालक-कन्या के लिए 26 जून को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक और सामान्य वर्ग बालक-बालिका, सामान्य वर्ग बालक बालिका और अल्पसंख्यक बालक-बालिका के लिए 27 जून को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढियारी जिला रायपुर में काउसलिंग किया जाएगा। विद्यार्थी निर्धारित काउंसलिंग तिथि को अनिवार्य दस्तावेजों में विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र, सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी निवास प्रमाण पत्र, सक्षम राजस्व अधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र, वर्ष 2024-25 में कक्षा 8वीं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होने का प्रमाण पत्र, यदि परिवार नक्सल हिंसा से सीधे प्रभावित है तो इस आशय का संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी प्रमाण पत्र, शाला स्थानांतरण प्रमाण पत्र या शाला छोड़ने का प्रमाण पत्र, विद्यार्थी की मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी चिकित्सा जांच प्रमाण पत्र, सिकलसेल जांच प्रमाण पत्र, दो स्वयं का पासपोर्ट साईज रंगीन फोटो लाना अनिवार्य है। मेरिट सूची में दर्शित विद्यार्थी के साथ एक अभिभावक-पालक को काउंसलिंग स्थल में प्रवेश की पात्रता होगी।

**कवर्धा में 43 यूनिट रक्त संग्रहित, सांसद संतोष पाण्डेय ने किया शिविर का शुभारंभ**

# एसबीआई का 70 वें स्थापना दिवस पर भव्य शिविर का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

राष्ट्र सेवा में निरंतर अग्रणी भूमिका निभा रहे भारतीय स्टेट बैंक द्वारा अपने 70 वें स्थापना वर्ष के उपलक्ष्य में गत शुक्रवार को जिला चिकित्सालय, कवर्धा में एक मेगा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय रक्तदान अभियान 2025 के अंतर्गत यह शिविर देशभर के साथ-साथ छत्तीसगढ़ में भी एक साथ आयोजित किया गया। इस अवसर पर आयोजित शिविर का शुभारंभ राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय ने दीप प्रज्वलन कर किया। अपने मुख्य संबोधन में उन्होंने कहा, रक्तदान सबसे बड़ा मानवीय दान है, जिससे एक नहीं बल्कि अनेक जिंदगियों को बचाया जा सकता है। यह अभियान न केवल भारतीय स्टेट बैंक के 70 वें स्थापना वर्ष पर रक्तदान शिविर आयोजित जनभागीदारी का प्रतीक है, बल्कि यह समाज में सेवा, सहानुभूति और एकता के मूल्यों को भी मजबूत करता है। उन्होंने आगे कहा कि भारतीय स्टेट बैंक जैसी संस्था जब इस प्रकार की सामाजिक पहल करती है, तो वह केवल बैंकिंग संस्था नहीं रह जाती, बल्कि समाज के लिए प्रेरणास्रोत बन जाती है। सांसद संतोष पाण्डेय ने इस शिविर में रक्तदान कर रहे युवाओं से चर्चा कर उन्हें प्रोत्साहित भी किया और स्वयं इस आयोजन में मौजूद रहकर समर्पण का उदाहरण प्रस्तुत किया।




उन्होंने एसबीआई के प्रबंधन और कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि बैंक का यह योगदान सिर्फ वित्तीय क्षेत्र में ही नहीं बल्कि सामाजिक सरोकारों में भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा कवर्धा के तत्वावधान में आयोजित इस शिविर में 43 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। राज्य के नोडल अधिकारी डॉ. कमलेश जैन ने स्वयं रक्तदान कर उपस्थित युवाओं को प्रेरित किया। शिविर के दौरान शाखा प्रबंधक सत्येंद्र कुमार आरख, मुख्य प्रबंधक सुधीर भट्ट एवं सहयोगी रंजन कुमार ने बताया कि रक्तदान एक ऐसा महान कार्य है जिससे किसी जरूरतमंद की जिंदगी बचाई जा सकती है। एक यूनिट रक्त से तीन लोगों को जीवनदान मिल सकता है। यह न केवल सामाजिक जिम्मेदारी है, बल्कि यह रक्त संचार सुधारता है, हृदय को स्वस्थ रखता है तथा कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों की संभावनाएं भी घटती हैं। प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक चले इस शिविर में बड़ी संख्या में आम नागरिकों ने स्वैच्छिक रक्तदान कर मानवीय सेवा का संदेश दिया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर योग संगम में स्काउट्स-गाइड्स की टीम ने निभाई विशेष सहभागिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पीजी कॉलेज डोम परिसर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्काउट्स, गाइड्स, रोवर्स, रेंजर्स ने उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के साथ सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन शैली और पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर भोरमदेव ओपन रोवर क्रू, भगत सिंह ओपन रोवर क्रू एवं मां सिंहवाहिनी ओपन रेंजर टीम के सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भारत स्काउट्स एवं गाइड्स कबीरधाम की ओर से जिला सचिव नीलम यदु, जिला संगठन आयुक्त (स्काउट) अजय चंद्रवंशी, जिला संगठन आयुक्त (गाइड) भगवती हठीले, जिला प्रशिक्षण आयुक्त (गाइड) संजू मिश्रा, रोवर लीडर विजय कुमार साहू, राज्य युवा अध्यक्ष पुष्पराज ठाकुर, स्काउट मास्टर प्रियप्रकाश साहू, कब मास्टर संजय धावड़े, रोवर लीडर ओमप्रकाश तथा गाइड कैप्टन पुष्पांजलि तिवारी, गाइड कैप्टन विंध्या ठाकुर, गाइड कैप्टन नंदनी ठाकुर, गाइड कैप्टन राजेश्वरी सोनवानी सहित बड़ी संख्या में स्काउट्स गाइड्स शामिल हुए। योगाभ्यास का मार्गदर्शन पतंजलि योग पीठ के जिला प्रशिक्षक सुरेश चंद्रवंशी एवं आयुर्वेद विभाग के अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा किया गया। प्रतिभागियों को सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, कपालभाति, अनुलोम-विलोम सहित विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया।

